संपूर्ण भारत के लिए एक प्रकाशन

RNI Reg.No.-CHHHIN/2004/15050
Postal Reg.No.-13/Surguja DN/2023-2025

दैनिक घटती घटना

Www.ghatatighatana.com
Ghatatighatana11@gmail.com

अम्बिकापुर,वर्ष 20,अंक-224 शनिवार,15 जून 2024 , पृष्ठ - 8 मूल्य 2 रूपये

# नीट पेपर लीक मामले पर मचा देश में बवाल

## शिक्षा मंत्री प्रधान स्टूडेंट और पेरेंट्स से मिले,बोले-कोर्ट जो भी कहेगा हम करेंगे...




» नीट पेपर लीक मामले में सुप्रीम कोर्ट का एनटीए को नोटिस...

» 718 में 78 हैं ग्रेस मार्क, क्या दोबारा नीट एक्जाम देंगे यश...

» छात्र हैं संदेह के दायरे में...

**नई दिल्ली,14 जून 2024(ए)।** राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) ने नीट-यूजी परीक्षा के 1,563 अभ्यर्थियों को ग्रेस देने का फैसला निरस्त कर दिया है और छात्रों को 23 जून को पुनः परीक्षा देने का विकल्प दिया गया है। हरियाणा के झज्जर की रहने वाले छात्र यश कटारिया ने इस फैसले पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि मुझे ग्रेस मार्क्स सहित 718 अंक मिले हैं। सभी को सुप्रीम कोर्ट के आदेश को स्वीकार करना चाहिए। थोड़ा सा तो गलत हुआ है। हमारे सेट के प्रश्न अलग थे। दोबारा पेपर देने के सवाल पर उन्होंने कहा कि अभी सोच रहा हूं, मेरा स्कोर 640 है. मेरा वास्तविक स्कोर एक सुरक्षित स्कोर है.।अगर आपने मेहनत की है तो आपका सिलेक्शन जरूर होगा।.

वहीं एडवोकेट जॉली विकास ने सुप्रीम कोर्ट में नीट यूजी रिजल्ट मामले की सुनवाई के बारे में कहा, मांग यह है कि पूरा रिजल्ट रद्द किया जाए, तभी छात्रों को न्याय मिलेगा।. दूसरी बात, हमने आग्रह किया है कि मामले को एसआईटी को सौंप दिया जाए। सभी मामलों को अंतिम बहस के लिए 8 जुलाई को सूचीबद्ध किया गया है।

## ग्रेस मार्क्स मामले में पूरे देश के छात्रों में भारी आक्रोश

दरअसल छह केंद्रों पर परीक्षा में देरी के कारण हुए समय के नुकसान की भरपाई के लिए 1,500 से अधिक छात्रों को दिए गए कृपांक (ग्रेस मार्क) भी सवालों के घेरे में हैं।. मेघालय, हरियाणा, छत्तीसगढ़, सूरत और चंडीगढ़ में कम से कम छह परीक्षा केंद्रों के छात्रों ने परीक्षा के दौरान समय बर्बाद होने की शिकायत की थी। इन स्थानों पर, छात्रों को प्रशासनिक कारणों से परीक्षा के उत्तर लिखने के लिए पूरे 3 घंटे और 20 मिनट नहीं मिले। इन कारणों में गलत प्रश्नपत्र,फटी हुई ओएमआर शीट का वितरण या ओएमआर शीट के वितरण में देरी शामिल हैं।

राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) द्वारा गठित एक समिति ने मामले की जांच की और उम्मीदवारों को होने वाले समय के नुकसान की भरपाई के लिए 2018 के एक फैसले में शीर्ष अदालत द्वारा तैयार और अपनाए गए फॉर्मूले का उपयोग करने का विकल्प चुना। समय की हानि का पता लगाया गया और ऐसे उम्मीदवारों को क्षतिपूर्ति के रूप में कृपांक दिए गए।

अधिकारियों के अनुसार, उच्चतम न्यायालय द्वारा स्वीकृत फॉर्मूले के अनुरूप समय की हानि की भरपाई के लिए 1,563 उम्मीदवारों को कृपांक दिए गए हैं। जिन 67 अभ्यर्थियों को 720 में से 720 अंक मिले, उनमें से 44 को भौतिक विज्ञान की एक उत्तर कुंजी में संशोधन के कारण इतने अंक मिले और छह को समय की हानि की क्षतिपूर्ति के लिए दिए गए कृपांक के कारण पूरे अंक मिले।

### क्या है नीट पेपर लीक का पूरा मामला

चिकित्सा पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए होने वाली 'राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा-स्नातक (नीट-यूजी) में इस बार 24 लाख से अधिक अभ्यर्थी शामिल हुए हैं। यह परीक्षा कई अनियमितताओं के आरोपों को लेकर विवाद से घिर गई और पूरे देश में विरोध प्रदर्शन तथा राजनीतिक आरोप-प्रत्यारोप शुरू हो गए। नीट-यूजी को लेकर आरोप लगे हैं कि कुछ छात्रों के अंक बढ़ाए गए और इस वजह से ही इस बार रिकॉर्ड 67 उम्मीदवारों ने पूरे अंकों साथ शीर्ष रैंक हासिल की है। पिछले साल, दो छात्र अव्वल आए थे।

**यदि उम्मीदवार पुनः परीक्षा नहीं देना चाहेंगे तो उन्हें दिए गए कृपांक कम करके पहले के अंकों के आधार पर परिणाम घोषित किया जाएगा...पुनः परीक्षा के नतीजे 30 जून को आएंगे और काउंसलिंग छह जुलाई को शुरू होगी...**

### परीक्षा प्रश्नपत्र लीक के लगे आरोप

परीक्षा का प्रश्नपत्र लीक होने के भी आरोप लगे हैं। बिहार पुलिस की आर्थिक अपराध इकाई ने पिछले महीने कहा था कि उसकी जांच से पता चला है कि नीट-यूजी के प्रश्न पत्र और उत्तर 5 मई को होने वाली परीक्षा से पहले ही लगभग 35 उम्मीदवारों को दे दिए गए थे। मामले के सिलसिले में अब तक 13 लोगों को गिरफ्तार किया गया है।

मंत्रालय ने छात्रों को दिए गए कृपांक की समीक्षा के लिए संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) के पूर्व अध्यक्ष की अध्यक्षता में चार सदस्यीय विशेषज्ञ समिति का गठन किया है.। केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने आरोपों से इनकार करते हुए कहा है कि प्रश्नपत्र लीक होने का कोई सबूत नहीं है और एनटीए में भ्रष्टाचार के दावे निराधार हैं।

### उच्चतम न्यायालय का रुख किया गया



शीर्ष अदालत ने नीट-यूजी, 2024 की शुचिता प्रभावित होने की बात का संज्ञान लिया लेकिन प्रवेश के लिए काउंसलिंग प्रक्रिया पर रोक लगाने से इनकार कर दिया. एनटीए की विशेषज्ञ समिति ने न्यायालय को बताया कि एमबीबीएस, बीडीएस और अन्य पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए होने वाली नीट-यूजी परीक्षा के 1,563 अभ्यर्थियों को कृपांक देने का फैसला निरस्त कर दिया गया है और उन्हें 23 जून को पुनः परीक्षा देने का विकल्प दिया जाएगा।



## कोच्चि पहुंचा 45 भारतीयों का शव

» मरने वाले 33 लोग केरल के निवासी...

**नई दिल्ली,14 जून 2024(ए)।** कुवैत के अग्निकांड में मारे गए 45 भारतीयों के शव वायुसेना के विमान से भारत ले आए गए हैं। वहीं कुवैत के विदेश मंत्रालय ने बातया कि अस्पताल में एक घायल का इलाज चल रहा था जिसकी मौत हो गई। इसके साथ ही मरने वालों का कुल आंकड़ा 50 हो गया है। शुक्रवार की सुबह ही भारतीय वायुसेना का सी-130 जे हर्क्यूलिस विमान कुवैत से रवाना हो गया था। विमान सीधे कोच्चि पहुंचा है। कुवैत के अग्निकांड में मरने वाले 33 लोग केरल से ही हैं।

## केजरीवाल की नियमित जमानत याचिका पर सुनवाई 19 जून को

» सुनीता को दी जाए अनुमति

» अब केजरीवाल की कोर्ट में लगाई ये नई गुहार



**नई दिल्ली,14 जून 2024(ए)।** में आरोपी बनाए गए दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने शुक्रवार को राउज एवेन्यू कोर्ट में दो आवेदन दायर कर अपनी पत्नी सुनीता केजरीवाल के हक में कुछ अनुमति मांगी है।

केजरीवाल की नियमित जमानत याचिका पर सुनवाई चल रही थी, उसी दौरान केजरीवाल ने अपनी तरफ से दो आवेदन दाखिल किए। इन आवेदनों पर ईडी ने जवाब देने के लिए कुछ समय भी मांगा लेकिन अदालत ने यह कहते हुए इनकार कर दिया कि केजरीवाल न्यायिक हिरासत में है, एजेंसी की हिरासत में नहीं है। ऐसे में इन आवेदनों पर एजेंसी को जवाब देने की जरूरत नहीं है।

## संसद का मॉनसून सत्र 22 जुलाई से

» वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण पेश करेंगी पूर्ण बजट




**नई दिल्ली,14 जून 2024(ए)।** लोकसभा चुनाव के नतीजे आने के बाद नई सरकार का गठन हो चुका है। संसद का मॉनसून सत्र 22 जुलाई से शुरू होने वाला है। इस सत्र के 9 अगस्त तक चलने की संभावना है। सरकार मॉनसून सत्र के दौरान वित्तीय वर्ष 2024-2025 के लिए पूर्ण बजट भी पेश कर सकती है। वित्त मंत्रालय में बजट की तैयारी शुरु हो गई है। चुनाव से पहले वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने संसद में एक अंतरिम बजट पेश किया था। अब खबर यह भी आ रही है वित्त मंत्रालय 17 जून तक विभिन्न मंत्रालयों के साथ बजट को लेकर बैठकें शुरू कर देगा। इस सत्र में नवनिर्वाचित सदस्यों को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई जाएगी। लोकसभा अध्यक्ष का भी चुनाव होगा। राष्ट्रपति के अभिभाषण के साथ इस सत्र की शुरुआत होगी। इसके बाद 22 जुलाई से मॉनसून सत्र आरंभ होगा।



## 29 जून को दिल्ली में होगी जेडीयू की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक

**नई दिल्ली,14 जून 2024 (ए)।** लोकसभा चुनाव के नतीजे आने के बाद से बिहार की राजनीति में हलचल मची हुई है।. मंत्रिमंडल विस्तार के बाद यह खबरें भी आ रही थीं कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार नाराज हैं और कभी भी कोई बड़ा फैसला ले सकते हैं। इस राजनीतिक उथल-पुथल के बीच, 29 जून को नई दिल्ली में जनता दल (यूनाइटेड) की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक आयोजित की जा रही है. एनडीए की नई सरकार बनने के बाद यह पहली बार है जब जेडीयू की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक हो रही है। इस बैठक में कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा की जा सकती है, जिसमें लोकसभा चुनाव के परिणाम और आगामी रणनीतियां शामिल हैं।

## डेरा सच्चा सौदा के राम रहीम ने फिर मांगी 21 दिन की फरलो



**चंडीगढ़,14 जून 2024 (ए)।** डेरा सच्चा सौदा के प्रमुख गुरमीत राम रहीम ने एक बार फिर पंजाब और हरियाणा हाई कोर्ट से 21 दिन की फरलो के लिए आवेदन किया है। इस पर कोर्ट ने नाराजगी जताई है। रिपोर्ट के मुताबिक, राम रहीम ने अपनी याचिका में बताया है कि उसे इस महीने डेरा सच्चा सौदा के कार्यक्रम में हिस्सा लेना है।इस पर कोर्ट ने उसे फटकार लगाई और याचिका स्थगित करने को कहा है। मामले पर सुनवाई अब जुलाई में होगी।

## सेना को मिला स्वदेशी आत्मघाती ड्रोन

» दुश्मन के घर में घुसकर होगी एयरस्ट्राइक

**नई दिल्ली,14 जून 2024 (ए)।** भारतीय सेना की ताकत में बड़ा इजाफा हुआ है।. उसे स्वदेशी ड्रोन नागस्त्र-1 की पहली खेप मिल गई है, जिसमें सेना को 120 ड्रोन सौंपे गए हैं। इस खबर से ही पाकिस्तान और चीन की नींद उड़ गई है। नागस्त्र-1 लोइटरिंग म्यूनिशन ड्रोन है यानी यह एक प्रकार युद्ध में इस्तेमाल किए जाने वाला मानव रहित वाहन है। इसे विस्फोटक ले जाने और टारगेटेड मिसाइल की तरह दुश्मनों पर हमला करने के लिए डिजाइन किया गया है.। यही वजह है कि इसे आत्मघाती ड्रोन्स (सुसाइड ड्रॉन्स) कहा गया है। सेना को नागास्त्र ड्रोन को मिलने से अब उसके लिए दुश्मन के घर में घुसकर एयरस्ट्राइक करना आसान हो जाएगा।



नागास्त्र-1 ड्रोन को सोलर इंडस्ट्रीज इकोनॉमिक्स एक्सप्लोसिव लिमिटेड ने बनाया है। सेना ने इस कंपनी को कुल 450 नागास्त्र ड्रोन बनाने का ऑर्डर दिया है। हालांकि अभी 120 ड्रोन ही ईईएल ने सेना को सौंपे हैं।

नागास्त्र-1 ड्रोन की कई ऐसी खासियतें हैं, जिनके बारे में जानकर आप हैरान रह जाएंगे। सबसे बड़ी खूबी तो यही है कि ये ड्रोन उड़ते समय बहुत ही कम आवाज करते हैं, जिससे चुपके से दुश्मन के घर में हमला करवाया जा सकता है। नागास्त्र-1 कामिकेज मोड में 2 मीटर की सटीकता के साथ हमले के साथ किसी भी खतरे को बेअसर कर सकता है। इसमें जीपीएस सिस्टम लगा हुआ है.। इस ड्रोन का कुल वजन 30 किलोग्राम है, जो 30 मिनट तक उड़ान भर सकता है। इसकी ऑपरेशनल रेंज 15 किलोमीटर जबकि ऑटोनॉमस मोड रेंज 30 किलोमीटर है।



## बारिश-भूस्खलन से 6 की मौत

» 1500 पर्यटक फंसे

» सैटेलाइट से हो रही झीलों की निगरानी

**गंगटोक,14 जून 2024 (ए)।** सिक्किम में लगातार बारिश के चलते हालात खराब हो चुके हैं। यहां छह लोगों की मौत हो चुकी है और 1500 के करीब पर्यटक फंसे हुए हैं। राज्य के कई इलाकों में अभी भी बारिश जारी है। इस वजह से खतरा बना हुआ है। सिक्किम में कई पहाड़ी झील हैं, जिनमें पानी ज्यादा होने पर भूस्खलन होने लगता है और इसके बाद एक साथ बड़ी मात्रा में पानी नीचे की ओर गिरता है। इससे काफी तबाही होती है। पिछले साल ऐसी ही घटना में एक बांध बह गया था, जिसके जरिए 1200 मेगावाट बिजली उत्पादन क्षमता वाला बिजली संयंत्र बनना था।इस बार भूस्खलन से होने वाली दुर्घटना से बचने के लिए सरकार पहले से चौकन्नी है और कई झीलों पर सैटेलाइट के जरिए नजर रखी जा रही है। भारी बारिश के कारण उत्तरी सिक्किम में संचार लाइनें खराब हो गई हैं और राज्य का यह हिस्सा बाकी हिस्सों से कट गया है।



## दाऊद इब्राहिम के भाई के खिलाफ नहीं मिले सबूत

### आरोप साबित न होने पर अदालत ने किया बरी

**मुंबई,14 जून 2024(ए)।** महाराष्ट्र के ठाणे की एक विशेष अदालत ने भगोड़े गैंगस्टर दाऊद इब्राहिम के भाई इकबाल कासकर को जबरन वसूली के एक मामले में बरी कर दिया है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, अदालत ने दाऊद के भाई को सबूतों के अभाव और अभियोजन पक्ष द्वारा आरोप साबित करने में नाकाम होने पर बरी कर दिया। बुधवार को अपने आदेश में विशेष महाराष्ट्र संगठित अपराध नियंत्रण अधिनियम (एससीओसीए) कोर्ट के जज अमित एम. शेटे ने कहा कि इब्राहिम कासकर को सबूतों के अभाव में बरी किया जाता है। उन्होंने अपने फैसले में कहा कि अभियोजन पक्ष कासकर के खिलाफ आरोप साबित करने में नाकाम रहा।

## संपादकीय

### परिवर्तन पर्याप्त नहीं होंगे

अग्निपथ योजना रिटायर्ड सैनिकों की पेंशन पर बढ़ते खर्च का बोझ घटाने के लिए केंद्र ने शुरू किया था। ओआरओपी योजना लागू होने के बाद से पेंशन खर्च में तीव्र गति से वृद्धि हुई है। इस समस्या का हल क्या है?मीडिया रिपोर्टों के मुताबिक भारतीय सेना ने अग्निपथ योजना को बेहतर बनाने के कई सुझाव सरकार को भेजे हैं। सूत्रों के हवाले से ये खबर उस समय आई है, जब केंद्र में नई सरकार के गठन के दौरान ऐसी चर्चा गर्म थी कि भाजपा के कुछ सहयोगी दल इस योजना की समीक्षा चाहते हैं। अब इस खबर के जरिए बताया गया है कि सेना ऐसी समीक्षा पहले ही कर चुकी है। सेना ने जो सुझाव दिए हैं, उनमें एक यह है कि चार साल की नौकरी के बाद सेना में नियमित रूप से भर्ती किए जाने वाले अग्निवीरों की संख्या 25 से बढ़ा कर 60-10 प्रतिशत कर दी जाए। अग्निवीरों का कार्यकाल चार साल से बढ़ा कर 1-8 वर्ष करने का सुझाव भी सेना ने दिया है। साथ ही अग्निवीर के रूप में भर्ती के लिए न्यूनतम उम्र बढ़ा कर 23 साल करने और सेवा के दौरान घायल या जख्मी होने पर उन्हें दी जाने वाली सहायता राशि में वृद्धि की सिफारिश की गई है।प्रश्न है कि क्या ये सुझाव सरकार मानेगी? अग्निपथ योजना के बारे में आम समझ है कि रिटायर्ड सैनिकों की पेंशन पर बढ़ते खर्च का बोझ घटाने के लिए केंद्र ने इसे शुरू किया था। वन रैंक वन पेंशन (ओआरओपी) योजना लागू होने के बाद से पेंशन खर्च में तीव्र गति से वृद्धि हुई है। पिछले साल यह खर्च सैनिकों को दिए जाने वाले वेतन से भी ज्यादा हो गया। इस तरह रक्षा बजट का और भी ज्यादा हिस्सा अब वेतन, भत्तों, पेंशन और नियमित संचालन मद पर खर्च होने लगा है। नतीजतन, पूंजीगत निवेश के लिए बहुत कम रकम बचती है। भारत सरकार की राजकोषीय स्थिति ऐसी नहीं है कि वह समग्र रक्षा बजट में बहुत बड़ी बढ़ोतरी कर सके। तो अग्निपथ स्कीम लाया गया। इस योजना की वाजिब आलोचनाएं मौजूद हैं। मगर समाधान क्या है? अब ओआरओपी तो वापस नहीं लिया जा सकता। ऐसे में अग्निपथ योजना में कुछ दिखावटी बदलाव कर आलोचनाओं की धार कम करने की कोशिश करना ही एकमात्र विकल्प बचता है। लेकिन ऐसे परिवर्तन पर्याप्त नहीं होंगे। उनसे खड़ी हुई बुनियादी समस्याएं हल नहीं होंगी।

# संसद में दागी नेताओं की संख्या बना चिन्ताजनक

**» आज भारत की आजादी के अमृतकाल का एक बड़ा प्रश्न है भारत की राजनीति को अपराध मुक्त बनाने का...यह बेवजह नहीं है कि देशभर में अपराधी तत्त्वों के राजनीति में बढ़ते दखल ने ऐसी समस्या खड़ी कर दी है कि अपहरण के आरोपी अदालत में पेश होने की जगह मंत्री पद की शपथ लेने पहुंच जाते हैं...**



देश में 18वीं लोकसभा चुनी जा चुकी है, मंत्रिमंडल का गठन हो चुका है। दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र और रिकॉर्ड संख्या में मतदाता होने के गर्व करने वाली स्थितियां हैं वहीं चिन्ताजनक, विचलित एवं परेशान करने वाली स्थितियां भी हैं। खबर आई है कि लोकतंत्र के सबसे बड़े मंदिर में पहुंचने वाले 543 सांसदों में 46 फीसदी आपराधिक रिकॉर्ड रखते हैं जो पिछली बार से तीन प्रतिशत अधिक है। भारतीय राजनीति में आपराधिक छवि वाले या किसी अपराध के आरोपों का सामना कर रहे लोगों को जनप्रतिनिधि बनाए जाने एवं उन्हें राष्ट्र-निर्माण की जिम्मेदारी दिया जाना-हर नागरिक के माथे पर चिंता की लकीर लाने वाली है। क्या इस स्थिति में देश की लोकतांत्रिक शुचिता एवं पवित्रता की रक्षा हो पाएगी? क्या हम आदर्श एवं मूल्यपरक समाज बना पाएंगे? क्या ये दागदार नेता एवं जन-प्रतिनिधि कालांतर हमारी व्यवस्था को प्रभावित नहीं करेंगे? चुनाव प्रक्रिया से जुड़े मसलों का विश्लेषण करने वाली सचेतक संस्था एसोसिएशन ऑफ डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स की ताजा रिपोर्ट बताती है कि वर्ष 2019 में चुने गये सांसदों में जहां 233 यानी 43 फीसदी ने अपने विरुद्ध आपराधिक मामले दर्ज होने की बात स्वीकार की थी, वहीं अठाहरवीं लोकसभा के लिये चुने गए 251 सांसदों ने आपराधिक मामले दर्ज होने की बात मानी है। जो कुल संख्या का 46 फीसदी बैठती है।

आज भारत की आजादी के अमृतकाल का एक बड़ा प्रश्न है भारत की राजनीति को अपराध मुक्त बनाने का। यह बेवजह नहीं है कि देशभर में अपराधी तत्वों के राजनीति में बढ़ते दखल ने एक ऐसी समस्या खड़ी कर दी है कि अपहरण के आरोपी अदालत में पेश होने की जगह मंत्री पद की शपथ लेने पहुंच जाते हैं। अरविन्द केजरीवाल जैसे नेता आम चुनाव में कहते हैं कि आप लोग बड़ी संख्या में आम आदमी पार्टी को वोट दें ताकि मैं जेल जाने से बच जाऊं। हम ऐसे चरित्रहीन एवं अपराधी तत्वों को जिम्मेदारी के पद देकर कैसे सुशासन एवं ईमानदार व्यवस्था स्थापित करेंगे? कैसे आम जनता के विश्वास पर खरे उतरेंगे? कैसे संसद में दागियों के पहुंचने के लिये द्वार बंद होंगे? दरअसल, सुप्रीम कोर्ट की सजग पहल पर ही वर्ष 2020 से सभी राजनीतिक दल लोकसभा व विधानसभा के उम्मीदवारों के आपराधिक रिकॉर्ड को प्रकाशित करने लगे है। निश्चित ही इस आदेश का मकसद देश की राजनीति को आपराधिक छवि वाले नेताओं से मुक्त करना ही था। लेकिन वास्तव में ऐसा हुआ नहीं क्योंकि तमाम राजनीतिक दलों की प्राथमिकता जीतने वाले उम्मीदवार थे, अब चाहे उनका आपराधिक रिकॉर्ड ही क्यों न हो।

बड़ा प्रश्न है कि आखिर राजनीति में तब कौन आदर्श उपस्थित करेगा? क्या हो गया उन लोगों को जिन्होंने सदैव ही हर कुर्बानी करके आदर्श उपस्थित किया। लाखों के लिए अनुकरणीय बने, आदर्श बने। चाहे आज़ादी की लड़ाई हो, देश की सुरक्षा हो, धर्म की सुरक्षा हो, अपने वचन की रक्षा हो अथवा अपनी संस्कृति और अस्मिता की सुरक्षा का प्रश्न हो, उन्होंने फर्ज़ और वचन निभाने के लिए अपना सब कुछ होम दिया था। महाराणा प्रताप, भगत सिंह, दुर्गादास, छत्रसाल, शिवाजी जैसे वीरों ने अपनी तथा अपने परिवार की सुख-सुविधा को गौण कर बड़ी कुर्बानी दी थी। गुरु गोविन्दसिंह ने अपने दोनों पुत्रों को दीवार में चिनवा दिया और पन्नाधाय ने अपनी स्वामी भक्ति के लिए अपने पुत्र को कुर्बान कर दिया। ऐसे लोगों का तो मन्दिर बनना चाहिए। इनके मन्दिर नहीं बने, पर लोगों के सिर श्रद्धा से झुकते हैं, इनका नाम आते ही। लेकिन आज जिस तरह से हमारा राष्ट्रीय जीवन और सोच विकृत हुए हैं, हमारी राजनीति स्वार्थी एवं संकीर्ण बनी है, हमारा व्यवहार झूठा हुआ है, चेहरों से ज्यादा नकाबें ओढ़ रखी हैं, उसने हमारे सभी मूल्यों को धराशायी कर दिया। राष्ट्र के करोड़ों निवासी देश के भविष्य को लेकर चिन्ता और ऊहापोह में हैं। वक्त आ गया है जब देश की संस्कृति, गौरवशाली विरासत को सुरक्षित रखने के लिए कुछ शिखर के व्यक्तियों को भागीरथी प्रयास करना होगा। दिशाशून्य हुए नेतृत्व वर्ग के सामने नया मापदण्ड रखना होगा। अगर किसी हत्या, अपहरण या अन्य संगीन अपराधों में कोई व्यक्ति आरोपी है तो उसे राजनीतिक बता कर संरक्षण देने की कोशिश या राजनीतिक लाभ उठाने की कुचेष्ठा पर विराम लगाना ही होगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भ्रष्टाचार एवं अपराध मुक्त राजनीति को सदैव प्राथमिकता दी लेकिन चुनाव जीतने के रण में वे भी अपराधी राजनेताओं को प्रश्रय देते हुए दिखे हैं।

सभी राजनीतिक दलों ने ही दागी उम्मीदवारों को टिकट दिए हैं। जो राजनीतिक दलों की कथनी और करनी के भारी अंतर को ही उजागर करता है। सवाल है कि देश के लिये नीति निर्धारण करने वाले ऐसे दागी लोग हमारे भाग्यविधाता बने रहेंगे तो हमारा भविष्य कैसा होगा? क्या आपराधिक पृष्ठभूमि वाले लोग जनप्रतिनिधि चुने जाने के बाद हमारी कानून-व्यवस्था को प्रभावित नहीं करेंगे? क्या होगा हमारे समाज व व्यवस्था का भविष्य? क्यों तमाम आदर्शों की बात करने वाले और दूसरे दलों के नेताओं की कारगुजारियों पर सवाल उठाने वाले नेता राजनीति को अपराधियों के वर्चस्व से मुक्त कराने की ईमानदार पहल नहीं करते? क्यों सभी राजनीतिक दल भारतीय लोकतंत्र में शुचिता एवं पवित्रता के लिये सहमति नहीं बनाते? निश्चित रूप से यदि समय रहते इस दिशा में कोई गंभीर पहल नहीं होती तो आने वाले वर्षों में दागियों का यह प्रतिशत लगातार बढ़ता ही जाएगा। इसके साथ ही बड़ा संकट यह भी है कि देश के निचले सदन में येन-केन-प्रकारेण करोड़पति बने नेताओं का वर्चस्व बढ़ता ही जा रहा है। इस बार संसद में चुनकर आए सांसदों में 504 करोड़पति हैं। ऐसे में क्या उम्मीद की जाए कि अपनी मेहनत की कमाई से जीवनयापन करने वाला आम आदमी कभी सांसद बनने की बात सोच सकता है? दागी एवं अपराधी राजनेता लोकतंत्र की एक बड़ी विडम्बना एवं विसंगति बनते जा रहे हैं। बात लोकसभा की ही नहीं है, विभिन्न राज्यों की सरकारों में भी कैसा विरोधाभास एवं विसंगति है कि एक अपराध छवि वाला नेता कानून मंत्री बन जाता है, एक अनपढ़ या कम पढ़े-लिखे प्रतिनिधि को शिक्षा मंत्री बना दिया जाता है। ऐसे ही अन्य महत्वपूर्ण मंत्रालय के साथ होता है। यह कैसी विवशता है राजनीतिक दलों की? अक्सर राजनीति को अपराध मुक्त करने के दावे की हकीकत तब सामने आ जाती है जब किसी राज्य या केंद्र में गठबंधन सरकार के गठन का मौका आता है। यह खुशी की बात है कि केन्द्र में बनी गठबंधन सरकार के मंत्रिमण्डल में ऐसी विवशता को काफी सीमा तक नियंत्रित किया गया है। सीमाओं पर राष्ट्र की सुरक्षा करने वालों की केवल एक ही मांग सुनने में आती है कि मरने के बाद हमारी लाश हमारे घर पहुंचा दी जाए। ऐसा जब पढ़ते तो हमारा मस्तक उन जवानों को सलाम करता है, लगता है कि देश भक्ति और कुर्बानी का माद्दा अभी तक मरा नहीं है। लेकिन राजनीति में ऐसा आदर्श कब उपस्थित होगा। राजनीति में चरित्र एवं नैतिकता के दीये की रोशनी मन्द पड़ गई है, तेल डालना होगा। दिल्ली सरकार में मंत्रियों के घरों पर सीबीआई के छापे और जेल की सलाखें हो या बिहार मंत्री परिषद के गठन में अपराधी तत्वों की ताजपोशी-ये गंभीर मसले हैं, जिन पर राजनीति में गहन बहस हो, राजनीति के शुद्धिकरण का सार्थक प्रयास हो, यह नया भारत -सशक्त भारत की प्राथमिकताएं होनी ही चाहिए। सभी अपनी-अपनी पहचान एवं स्वार्थपूर्ति के लिए दौड़ रहे हैं, चिल्ला रहे हैं। कोई पैसे से, कोई अपनी सुंदरता से, कोई विद्वता से, कोई व्यवहार से अपनी स्वतंत्र पहचान के लिए प्रयास करते हैं। राजनीति की दशा इससे भी बदतर है कि यहां जनता के दिलों पर राज करने के लिये नेता अपराध, भ्रष्टाचार एवं चरित्रहीनता का सहारा लेते हैं। जातिवाद, प्रांतवाद, साम्प्रदायिकता को आधार बनाकर जनता को तोड़ने की कोशिशें होती है। पर हम कितना भ्रम पालते हैं। पहचान चरित्र के बिना नहीं बनती। बाकी सब अस्थायी है। चरित्र एक साधना है, तपस्या है। जिस प्रकार अहं का पेट बड़ा होता है, उसे रोज़ कुछ न कुछ चाहिए। उसी प्रकार राजनीतिक चरित्र को रोज़ संरक्षण चाहिए और यह सब दृढ़ मनोबल, साफ छवि, ईमानदारी एवं अपराध-मुक्ति से ही प्राप्त किया जा सकता है। राजनीति में चरित्र-नैतिकता सम्पन्न नेता ही रेस्पेक्टेबल (सम्माननीय) हो और वही एक्सेप्टेबल (स्वीकार्य) हो।

**-ललित गर्ग-**

प्रकाशक: दैनिक घटती-घटना


# आतंकवाद की घृणित विचारधारा को करना होगा समूल नष्ट





**संजीव ठाकुर,**
**चौबे कॉलोनी,**
**रायपुर छत्तीसगढ़**


जम्मू काश्मीर फिर आतंकवाद की ज्वाला से धधक रहा है, कठुआ, हीरानगर ,डोडा में गंभीर आतंकवादी हमला हुआ जिसमें एक सेना का जवान शहीद हो गया। इसके अलावा आतंकवादियों द्वारा धार्मिक यात्रा से लौटते हुए रियासी नामक स्थान पर श्रद्धालुओं पर बेतहाशा गोलियां बरसाई गई बस के पलटने से 9 श्रद्धालुओं की मौत हो गई। उधर इटली में खालिस्तानी समर्थकों द्वारा महात्मा गांधी की मूर्ति को खंडित किया गया जिसका अनावरण जी 7 समिट में शामिल होने जा रहे प्रधानमंत्री मोदी जी करने वाले थे। आतंकवाद ने न सिर्फ देश में बल्कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर नाक में दम करके रखा है। अब समय आ गया है कि आतंकवादियों को एक सिरे से कुचल दिया जाए और आतंकवादी विचारधारा को समूल नष्ट किया जाए।आतंकवाद एक मानसिक विकृति की विचारधारा है, जिसके द्वारा हिंसक कार्यों और गतिविधियों से जनमानस अशांति और भय की स्थापना करके अपने लक्ष्य की प्राप्ति का प्रयास करना होता है। जिससे किसी भी क्षेत्र में आधिपत्य का अधिकार प्राप्त करने के लिए हिंसा और आतंक का सहारा लेकर जनमानस में अशांति का वातावरण निर्मित करने अपने मंसूबे पूरे कर आर्थिक सामाजिक और राजनैतिक विध्वंस का तांडव मचाना होता है। कुछ व्यक्तियों के समूह द्वारा संचालित मानव विरोधी गतिविधियां ही हैं जो कि समाज के विरुद्ध लूट, अपहरण, बम विस्फोट,हत्या जैसे जघन्य अपराधों को जन्म देती है। आतंकवाद मूलतः धार्मिक, राजनीतिक, सामाजिक परिवेश लिए हुए होता है। भारत में आतंकवाद धार्मिक और राजनीतिक ज्यादा परिलक्षित हुआ है। भारत में कश्मीर, लद्दाख, असम मैं विभिन्न अलगाववादी समूह द्वारा हिंसक अपराधिक कृत्य कर लोगों को भयभीत तथा पलायन करने पर मजबूर करने का कृत्य राजनीतिक आतंकवाद ही है। अलकायदा, लश्कर-ए-तैयबा ,जैश-ए-मोहम्मद जैसे संगठन धार्मिक कट्टरता की भावना से अपराध को अंजाम देते हैं। देश में नक्सलवाद ने छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र, आंध्र प्रदेश, मध्य प्रदेश, झारखंड ,बिहार और पश्चिम बंगाल में अपना मौत का परचम फेहरा के रखा है। नक्सलवाद मूलतः सामाजिक क्रांतिकारी समूह द्वारा सरकार के विरोध में आमजन तथा आदिवासियों के मध्य अपनी समानांतर सरकार चलाने हेतु हिंसक घटनाएं की हैं। यह आतंकवादी ग्रुप हिंसा के द्वारा अलग अलग तरीके से आतंकवाद फैलाने का प्रयास करते हैं ,यह ज्यादातर भीड़भाड़ वाले इलाकों में जैसे रेलवे स्टेशन बस स्टैंड रेल रेल पटरियों वायुयानो का अपहरण निर्दोष लोगों को बंदी बनाना बैंक में डकैतियां कर समाज में अराजकता तथा वैमनस्यता फैलाने का काम करते हैं। भारत में नक्सलवाद तो मूल रूप से पश्चिम बंगाल के नक्सल वाली क्षेत्र से पनपा है, जो पूरे भारत में धीरे-धीरे फैल कर हिंसक रूप अपनाए हुए हैं। आतंकवाद केवल भारत में न होकर उसका साम्राज्य वैश्विक स्तर पर भी दुर्भाग्यपूर्ण तरीके से फैला हुआ है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर आतंकवाद ने अनेक घटनाओं को जन्म देकर विश्व शांति सद्भावना की मूल कल्पना को छिन्न-भिन्न करने का प्रयास किया है। दुनिया के प्रत्येक देश में आतंकवाद किसी न किसी रूप में आज मौजूद है। आतंकवाद कहीं रंगभेद, कहीं भाषा विभेद, कहीं राजनीतिक विचारधाराओं में विरोध और कहीं रंगभेद के कारण ,नस्ली समस्या आतंकवाद का कारण बनी है। यह समस्याएं हथियारों से सुलझाने के प्रयास में अत्यंत हिंसक बन गई हैं।आतंकवाद को वृहद रूप देने में विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी ने भी बड़ा साथ दिया है, आतंकवादियों, नक्सलवादियों और नस्ल वादियों के लिए रसायनिक, नाभिकीय, जैविक मानव बम जैसे आधुनिक हथियार उपलब्ध होने से यह आतंकवादी गतिविधियां और भी खतरनाक हो गई है। इसके अलावा मीडिया में इंटरनेट उपलब्धता से यह सारी सरकारी गतिविधियों की जानकारी प्राप्त हो जाती है इससे आतंकवादी और ज्यादा खतरनाक साबित हो रहे हैं। विश्व में वर्ल्ड ट्रेड सेंटर 11 सितंबर 2001 आतंकवादी हमला मानव इतिहास की सबसे क्रूर तम हमला माना जाता है। पाकिस्तान के पेशावर जिले में आर्मी स्कूल में 150 मासूम बच्चों की निर्मम हत्या भी एक क्रूर आतंकवादी घटना है। भारत में 1993 में मार्च में श्रृंखलाबद्ध बम विस्फोट इसी तरह दिसंबर 2001 में संसद भवन पर हमलावाराणसी बम विस्फोट, अहमदाबाद में बम विस्फोट, 2008 में मुंबई ताज होटल पर हमला,2016 में पठानकोट एयरबेस हमला, 2017 में अमरनाथ तीर्थयात्रियों हमला, 2019 में पुलवामा हमला आतंकवादी घटनाएं हैं जिससे मानवीय संवेदनाएं, शांति स्थापना की मूल धारणा की धज्जियां उड़ जाती है भारत में तो नक्सलवाद भी आतंकवाद का एक वृहद रूप ले चुका है। आतंकवाद का सबसे भयानक रूप यह है की कोई भी देश यह नहीं जानता कि आतंकवाद का अगला निशाना कौन सा देश और कौन सी इमारत, रेलवे स्टेशन, वायुयान और कौन सा धार्मिक स्थल होगाद्य वैश्विक स्तर पर आतंकवाद के खिलाफ असुरक्षा की भावना पूरी तरह व्याप्त हो चुकी हैद्य आतंकवाद का सबसे विस्तृत और भयानक रूप अफगानिस्तान में सरकार का तख्तापलट का ही हैद्य वहां तालिबानी आतंकवादियों द्वारा सरकार को गिरा कर अफगानिस्तान देश पर जाकर वहां शासन स्थापित कर लिया था, और पूरी दुनिया तमाशबीन बनी रही। रूस यूक्रेन युद्ध मैं भी लाखों लोगों की आक्रमण कर हिंसक हत्या तानाशाही तथा मानसिक आतंकवाद का ही एक भयानक रूप है।

## बस एक झूठ

**प्रीति चौधरी मनोरमा**
बुलंदशहर
उत्तरप्रदेश

आखिर किसने बलवंत की बेंच पीछे खींची,जो वो नीचे गिर गया?

पूरी क्लास चुप है और उमेश कुमार झा ,जो कि पॉलिटिकल साइंस के स्ट्रिक्ट से प्रोफेसर हैं क्लास से पूछे जा रहे हैं।

उनका पारा सातवें आसमान पर है। उनके क्रोधी स्वभाव से सभी परिचित हैं। किसी की भी हिम्मत नहीं हो रही है कि कोई अवनी का नाम बता दे।बलवंत सदैव लड़कियों पर छींटाकशी करता रहता था, अश्लील फब्तियाँ कसता रहता था ।अवनी ने उसे मजा चखाने के लिए उसकी बेंच खिसका दी जैसे ही सब बैठे वह नीचे गिर गया.. और पूरी क्लास हंसते-हंसते लोटपोट हो गई। तभी झा सर ने कमरे में प्रवेश किया और फिर बलवंत ने सर से शिकायत कर दी। उसे स्वयं भी नहीं पता था की बैंच किसने खिसकाई ।बलवंत कॉलेज के ट्रस्टी का बिगड़ैल बेटा है।झा सर को भी पता है कि बात इतनी बड़ी नहीं है जितना बलवंत ईशू बना रहा है। किंतु उन्हें भी उसके पिता के दबाव में आकर उस बच्चे के खिलाफ एक्शन लेना होगा। अवनी डर से सहम गई थी उसे लगा कि यदि उसने सच बता दिया तो बात उसके माता-पिता तक पहुंचेगी और फिर वे उसके कॉलेज की पढ़ाई बंद करा कर उसे घर बिठा देंगे, क्योंकि पिताजी ने पहले ही वार्न कर दिया था कि कॉलेज एक ही शर्त पर भेजी जा रही हो कि वहां से कोई शिकायत सुनने को न मिले ,जिस दिन हमें बुलाया जाएगा तुम्हारी शिकायत के निपटारे को, उसी दिन से तुम्हारी पढ़ाई बंद कर देंगे, और ब्याह कर देंगे तुम्हारा ।

तभी एक लड़के की आवाज गूँजी

सर बेंच मैंने खिसकाई थी

अवनी ने आश्चर्यचकित होकर गगन को देखा अरे यह क्यों इस पचड़े में पड़ रहा है। वह हतप्रभ रह गई और झा सर ने उसे धूप में ग्राउंड के दो चक्कर लगाकर आने को कहा ।अवनी से रहा न गया तो उसने कहा नहीं सर बेंच मैंने की थी।

सर ने अवनी को भी क्लास से बाहर खड़ा कर दिया ।

क्लास से बाहर आते ही अवनी गगन को जैसे खा जाने वाली नजरों से देखने लगी।

क्या जरूरत थी हीरो बनने की .? पता नहीं था कि बलवंत कितना खतरनाक लड़का है? क्यों झूठ बोला तुमने कि बेंच तुमने खिसकाई ?बेंच तो मैंने खिसकाई थी ।

पता था मुझे ...ये काम तुमने किया है इसीलिए इल्जाम अपने सिर लिया मैंने।

ओह.. कहा था इल्जाम अपने सिर लेने को मैंने..? क्यों लिया..? क्या लगती हूँ मैं तुम्हारी ..? दोस्त ...मेरा मतलब है कि हम दोस्त न सही, क्लासमेट तो हैं ही.. और फिर तुम पढ़ने में होशियार हो ,तुम्हें बेवजह झा सर से पनिशमेंट मिलता । बलवंत को इस विषय में पता चलता तो वह तुमसे बदला लेने की फिराक में रहता। वह आचरण से ठीक नहीं है ।

औरों का आचरण छोड़ो पहले तुम बताओ ..तुम्हें इस चक्कर में बीच में पड़ने की क्या जरूरत थी? अब धूप में तड़पोगे।

तुम्हारे लिए कुछ भी कर सकता हूँ।

अवनी का मुंह खुला का खुला रह गया । ऐसा कहकर गगन जा चुका था ।और भरी दोपहरी में कॉलेज परिसर के दो चक्कर दौड़कर पूरे करने लगा ।अवनी क्लास के बाहर ही खड़ी थी। जब वह लौट कर आया तो पसीने से तरबतर हो चुका था ।अवनी ने अपना दुपट्टा उसे देते हुए कहा

लो इससे अपने पसीने पोंछ लो।

गगन ने दुपट्टे का एक छोर पकड़ा और अपने माथे से लगा लिया ।अवनी को वापस कर दिया दोनों की नजरों में कुछ ऐसा था कि दोनों ही झेंप गए और नज़रे चुराने लगे। एक छोटे से झूठ से इस प्रेम की शुरुआत हुई । मुलाकातों का सिलसिला शुरू हुआ और दोनों एक नई रूपहली दुनिया में खोने लगे। सपनों की दुनिया.. कल्पना लोक की दुनिया.. अवनी कक्षा की सबसे होशियार लड़की थी उधर गगन की शालीनता ,विनम्रता और सादगी भी काबिले तारीफ थी ।दोनों दोस्त बन गए।दोनों में सच्चा प्रेम हो गया। एक कॉलेज न आता तो दूसरा उसकी याद में तड़पता रहता ।कभी अवनी को बुखार हो जाता तो गगन भी व्यथित और बेचैन रहता। उसके ज्वर के ताप को महसूस करता। कॉलेज आते ही दोनों एक- दूसरे से बात करने के लिए बेचैन हो जाते। कभी लाइब्रेरी में कभी कॉलेज परिसर की नर्म घास पर बैठकर घंटे बतियाते ।बातों का विषय एक दूसरे के सुख-दुख बांटना हुआ करता ...एक दूसरे के परिवार के विषय में जानना हुआ करता.. एक दूसरे के हृदय की थाह लेना हुआ करता। अब दो दीवाने दुनिया से बेखबर भविष्य की योजनाएँ बनाते..एक दूजे का मार्गदर्शन करते.. एक छोटे से झूठ ने एक सच्चे रिश्ते की नींव रख दी।



## गर्माहट




**डॉ.राजीव डोगरा**
जनयानकड़
कांगड़ा
हिमाचल प्रदेश


बहुत अच्छा लगता है न
तुमको जीवों को
पका कर
स्वाद से खाना।
प्रकृति भी तो
पका रही हैं
अब तुमको
सूर्य की तप्त किरणों में।
उसको भी तो
थोड़ा स्वाद आना चाहिए
तुम क़ो रुलाने में।
बहुत अच्छा लगता है न
तुमको चुपचाप
अग्नि को सुलगा कर
वनों को
जलता हुआ देखकर।
प्रकृति भी तो
सुलग रही हैं आग
सूर्य की किरणे बन कर।
उसको भी तो
थोड़ा आनंद आना चाहिए
तुम क़ो तपा कर ।

प्रकाशक: दैनिक घटती-घटना



## प्यारा साईकिल




**कृष्णा चौहान**
अमेरी,बरमकेला
सारंगढ़-बिलाईगढ़
(छत्तीसगढ़)


यातायात का साधन हैं,
जो दुरी तय करता हैं !
दो पहिया वाला,
मेरा प्यारा साईकिल हैं!
प्रदूषण रहित हैं,
बिना ईंधन के चलता हैं!
न डीजल न पेट्रोल,
की चिंता रहता हैं!
कई भागों से,
मिलकर बना होता हैं!
व्यापार में हमें,
मदद करता हैं!
साईकिल सीखते समय,
चेहरा खिलता हैं!
छोटे-छोटे बच्चे साईकिल से,
स्कूल पढ़ने जाते हैं!
शरीर को ऊर्जा,
प्रदान करता हैं!
मांस पेशियों को ,
मजबूत बनाता हैं!

प्रकाशक: दैनिक घटती-घटना



## खिलौना




**लक्ष्मी नारायण सेन**
खुटेरी गरियाबंद
(छत्तीसगढ़)


रोते विलाप करते,
जन मांगे दया का हाथ।
बन खिलौना चलता,
खेलता धरा के साथ।।
खिलौना बना मनुज,
लोग कर रहा उपहास।
छीनते हरितिमा हम,
करें हम सभी आभास।।
मनुज तन तुम्हारी,
देन ईश्वर की भारी।
इसकी खेल देखते,
सोचते दुनिया सारी।।
मात देत खिलौना,
बाल समझता उपहार।
मिटती सब श्रांति,
संतति से करती प्यार।।
जिंदगी बना मैदान
खिलाड़ी तो हर इंसान।
स्पर्धी तो सहस्त्र है,
जीता तो उसकी सान।।
हर पग पर है मैदान,
क्या खेलोगे जान।
संघर्ष से भरा खेल,
खुद को तू जज मान।।

प्रकाशक: दैनिक घटती-घटना

## मन में विश्वास जगा लेना




**प्रमेशदीप मानिकपुरी**
धमतरी
छत्तीसगढ़


जब मजा ना आये जीने में
तन मन ना भीगे पसीने में
तब आश नूतन जगा लेना
मन में विश्वास जगा लेना
ज़ब-जब जीवन नीरस लगे
हर काज अधूरा सा ही लगे
आश की दीप जला लेना
मन में विश्वास जगा लेना
जीवन में आये जब झमेला
पल- पल लगे मन अकेला
उम्मीद की लौ जला लेना
मन में विश्वास जगा लेना
जग में सदा आपाधापी है
मेहनत अपना सहपाठी है
खुद से नजर मिला लेना
मन में विश्वास जगा लेना
जब राह भी नजर ना आये
दुख की बदली मन में छाये
आँसुओ से गम मिटा लेना
मन में विश्वास जगा लेना

प्रकाशक: दैनिक घटती-घटना

**समाचार पत्र में छपे समाचार एवं लेखों पर सम्पादक की सहमति आवश्यक नहीं है। हमारा ध्येय तथ्यों के आधार पर सटिक खबरें प्रकाशित करना है न कि किसी की भावनाओं को ठेस पहुंचाना। सभी विवादों का निपटारा अम्बिकापुर न्यायालय के अधीन होगा।**

C M Y K

# तेज आंधी के साथ हुई बारिश से गिरे कई पेड़,विद्युत व्यवस्था भी ठप्प



– संवाददाता –
अंबिकापुर,14 जून 2024
(घटती-घटना)।

सरगुजा संभाग में पिछले कुछ दिनों से भीषण गर्मी पड़ रही है। तापमान 42 डिग्री के करीब बना हुआ है। पूरे संभाग में लू की स्थिति बनी हुई थी। वहीं भीषण गर्मी से राहत पाने के लिए लोगों को मानसून का इंतजार है। सरगुजा संभाग में मानसून आने में एक से दो दिनों का समय और लग सकता है। क्यों कि मानसून की रफ्तार धीमी पड़ गई है। वहीं शुक्रवार की सुबह घने बादलों की सक्रियता देखी गई। इस दौरान हल्की बूंदा-बांदी होने के बाद तेज धूप निकली। चिलचिलाती धूप के कारण लोग परेशान रहे। दोपहर में अधिकतम तापमान 41 डिग्री तक रहा। वहीं शाम चार बजे अचानक एक बार फिर मौसम ने करवट ली और प्री मानसून ने दस्तक दी। प्री मानसून की बारिश से लोगों ने गर्मी से हल्की राहत महसूस की, हालांकि उमस की स्थिति अभी भी बनी हुई है। वहीं संभाग के लोगों को मानसून के लिए अभी एक दो दिन और इंतजार करना पड़ सकता है। मौसम विभाग का मानना है कि मानसून की रफ्तार धमी हो जाने के कारण समय पर मानसून नहीं पहुंच सकता है। मौसम विभाग के पूर्व अनुमान के अनुसार संभाग में 15 जून से पूर्व मानसून के आने की उम्मीद जताई जा रही थी। दोपहर के बाद अचानक शाम करीब चार बजे मासम ने करवट ली और तेज आंधी के साथ बारिश हुई। तेज आंधी-तूफान में शहर सहित ग्रामीण क्षेत्रों के कई स्थानों में पेड़ गिरने की खबर है। वहीं अगर शहर की बात करें तो घड़ी चौक के समीप एक विशाल पेड़ गिरा है। इस पेड़ के आस पास प्रति दिन काफी संख्या में महिला-पुरूष बैठकर सब्जी व फल बेचते हैं। पेड़ गिरने के दौरान सभी ने भाग कर अपनी जान बचाई। तेज आंधी के साथ हुई बारिश के कारण शहर व ग्रामीण क्षेत्रों में पेड़ व झाड़ गिरने विद्युत व्यवस्था बाधित हो गई है। शहरी इलाकों घड़ी चौक, शिवधारी कालोनी, मनेन्द्रगढ़ रोड सहित अन्य हिस्सों पेड़ व झाड़ गिरने से विद्युत तार टूट जाने के कारण बिजली व्यवस्था बाधित हो गई है। वहीं ग्रामीण के अधिकांश क्षेत्रों में बिजली व्यवसथा ठप है। वहीं विद्युत विभाग के चीफ इंजीनियर एसपी कुमार ने बताया कि मरम्मत कार्य शुरू करा दिया गया है। देर रात तक बिजली व्यवस्था बहाल हो जाने की उम्मीद है।

# बार-बार कहने के बाद भी बिस्तर से नहीं उठा पिता तो बेटे ने कर दी हत्या



– संवाददाता –
अंबिकापुर,14 जून 2024
(घटती-घटना)।

दरिमा थान क्षेत्र के ग्राम पतराटोली में गुरुवार की रात पुत्र ने हाथ-मुक्के से बेदम पिटाई कर वृद्ध पिता को मौत के घाट उतार दिया। पिता बेटे के बिस्तर पर सोया था और बार-बार कहने के बाद भी बिस्तर खाली नहीं कर रहा था और खाना नहीं खा रहा था। इस बात से नाराज होकर बेटा ने पिता की हत्या कर दी। मामले में दरिम पुलिस ने आरोपी बेटा को गिरफ्तार कर जेल दाखिल कर दिया है।

जानकारी के अनुसार टनू यादव दरिमा थाना क्षेत्र के ग्राम पतराटोली का रहने वाला था। वह गुरुवार की रात को अपने बेटा महेश यादव उर्फ गुड्डू के बिस्तर पर सोया था। बेटा अपने पिता को बिस्तर से उठाने व खाना खाने के लिए बोल रहा था। बार-बार बोलने के बाद भी जब पिता नहीं उठा तो गुस्से में आकर बेटा ने हाथ-मुक्के से बेदम पिटाई कर दी। इससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। पिता की हत्या करने के बाद वह मौके से फरार हो गया था। मृतक के नातिन प्रिया यादव अंबिकापुर में रहती है। गांव के ही किसी व्यक्ति ने उसे घटना की जानकारी दी।

घटना की जानकारी मिलने पर नातिन ने मामले की जानकारी दरिमा पुलिस को दी। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंचकर मामले की जांच की। पुलिस ने शव को पीएम करवाया। आरोपी पुत्र के खिलाफ अपराध दर्ज कर उसकी तलाशी शुरू कर दी थी। विवेचना के दौरान पुलिस ने आरोपी महेश यादव उर्फ गुड्डू उम्र 46 वर्ष को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो वह अपने पिता की हत्या करने की बात स्वीकार की। जिसे पुलिस ने गिरफ्तार कर उसके खिलाफ कार्रवाई कर जेल दाखिल कर दिया है। कार्रवाई में थाना दरिमा से सहायक उप निरीक्षक बैजनाथ राम, सहायक उप निरीक्षक महेन्द्र सिंह, आरक्षक अभय चौबे, जगेश्वर बघेल, संजय केरकेट्टा, सोहन राजवाड़े शामिल रहे।

# 8 किलो गांजा के साथ गांजा तस्कर गिरफ्तार



– सवाददाता –
अंबिकापुर,14 जून 2024
(घटती-घटना)।

अबाकारी विभाग के संभागीय उडऩ्दस्ता दल ने सीतापुर थाना क्षेत्र से एक गांजा तस्कर को गिरफ्तार किया है। टीम ने आरोपी के कब्जे से 8 किलो गांजा जब्त किया है। उडऩ्दस्ता टीम ने आरोपी के खिलाफ कार्रवाई कर जेल दाखिल कर दिया है।

जानकारी के अनुसार शुक्रवार को आबकारी विभाग के संभागीय उडऩ्दस्ता टीम के सहायक अधिकारी रंजीत गुप्ता को मुखबिर से जानकारी मिली थी की सीतापुर थाना क्षेत्र के मंगारी बस स्टैंड में एक तस्कर गांजा लेकर सप्लई करने के लिए खड़ा है। मुखबिर की सूचना पर टीम मौके पर पहुंचकर आरोपी अफसर हसन उर्फ भउसा को गिरफ्तार किया है। टीम ने उसके पास रखे बैग की तलाशी ली तो 8 किलो गांजा पाया गया। जिसे टीम ने जब्त किया है। टीम ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत धारा 20-बी के तहत कार्रवाई कर जेल दाखिल कर दिया है। कार्रवाई में मुख्य आरक्षक रमेश दुबे, कुमारु राम, आरक्षक अशोक सोनी, नगर सैनिक गणेश पांडे, रणविजय सिंह एवं महिला सैनिक राजकुमारी शामिल रहे।



# जमीन विवाद पर दो पक्षों में मारपीट,आधा दर्जन लोग घायल

– संवाददाता –
अंबिकापुर,14 जून 2024
(घटती-घटना)।

दरिमा थाना क्षेत्र के ग्राम पर्री में शुक्रवार को जमीन विवाद को लेकर दो पक्ष आपस में भिड़ गए। दोनों पक्षों ने एक दूसरे पर लाठी डंडे व टांगी से हमला कर दिया। इससे आधा दर्जन लोग घायल हुए हैं। जिन्हें इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वहीं सूचना पर पुलिस मामले की जांच शुरू कर दी है।

मामला दरिमा थाना क्षेत्र के ग्राम पर्री का है। दिनेश अपनी जमीन पर शुक्रवार को शौचालय का निर्माण कर रहा था। तभी पड़ोस में रहने वाले भीमराज, मनोहर सहित एक दर्जन से अधिक लोगों ने मौके पर पहुंचकर निर्माण कार्य को रोक दिया और मारपीट करने लगे। लोगों ने एक दूसरे पर लाठी, डंडे व टांगी से एक दूसरे पर हमला कर दिया। हमले में शौचालय का निर्माण करा रहा दिनेश, उसके माता-पिता, भाई व भतीजा घायल हो गए। जिसमें पिता की स्थिति गंभीर बताई जा रही है। सभी को इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

# बांध बनने के बाद भी किसानों को नहीं मिल रहा लाभ,टूटा नहर





- » 35 वर्षो से मुआवजा के लिए दर-दर भटकने मजबूर किसान कार्यालय का लगा रहे चक्कर...
- » संभागआयुक्त के नाम एसडीएम को सोंपा ज्ञापन...
- » बांध और नहर निर्माण के बाद भी किसानों को नहीं मिला सिंचाई हेतु पानी टूटा नहर...

– मनोज कुमार –
लखनपुर,14 जून 2024
(घटती-घटना)।

सरकार के द्वारा करोड़ों रुपए खर्च करके गांव में बांध और नहर का निर्माण कर किसानों को खेती के लिए बेहतर सिंचाई व्यवस्था मुहैया करना है। परंतु जल संसाधन विभाग के अनदेखी के चलते किसान सिंचाई से वछित है,नहर से सिंचाई हेतु पानी उपलब्ध नहीं हो पा रहा है। किसान मुआवजा पाने 35 वर्षों से दर-दर भटकने को मजबूर है और लगातार मुवाबजा पाने कार्यालय का चक्कर लगा रहे हैं। कुछ ऐसा ही देखने को मिला सरगुजा जिले के लखनपुर विकासखंड के ग्राम लोसंगा में जहा जल संसाधन विभाग के द्वारा करोड़ों रुपए की लागत से बांध और नहर का निर्माण कराया गया। जिसके लिए किसानों का भूमि अधिग्रहण किया गया और किसानों को मुआवजा देना और सिंचाई हेतु पानी देना भूल गए। शासन बदला सत्ता बदला जिला में कई अधिकारी आए परंतु आज तक भूमि स्वामियों को मुआवजा नहीं मिल सका। जिसे लेकर किसानों में आक्रोश व्याप्त है। 11 जून को किसानों ने संभाग आयुक्त जी आर चूरेंद्र के नाम अनुविभागीय अधिकारी राजस्व उदयपुर को ज्ञापन सोपा मुआवजा दिलाए जाने की मांग की है। ज्ञापन में उल्लेखनीय है कि कार्यपालन अभियंता जल संसाधन संभाग 01 अंबिकापुर सरगुजा द्वारा लोसंगा योजना के डूब एवं नहर क्षेत्र हेतु राजस्व निरीक्षक मण्डल कुन्नी तहसील लखनपुर जिला सरगुजा के निजी भू स्वामियों की कुल रकबा 9.929 हेक्टेयर अर्जन हेतु प्रस्ताव कलेक्टर को प्रस्तुत किया था ।उक्त ग्राम में कुल 59 भू स्वामियों के कुल खसरा 80 कुल रकबा 8.540 हेक्टेयर के संबंध में अधिनियम की धारा 11 के तहत प्रारंभिक अधिसूचना का प्रकाशन कराया गया अधिसूचना का प्रकाशन छत्तीसगढ़ राजपत्र भाग 01 के पृष्ठ क्रमांक 759 पर दिनांक 10/ 9/ 2021 को हुआ ।शासन द्वारा भू स्वामियों को मुआवजा हेतु 15/9/2023 को आवर्ड पारित किया गया। उक्त जलाशय और नहर बनाने के लिए गरीब आदिवासी की कृषि भूमि शासन द्वारा सन 1989- 90 में अधिग्रहित किया गया था। जिसका शासन द्वारा आज पर्यतन 35 वर्षों तक अधिग्रहित भूमि का मुआवजा कृषकों को प्रदाय नहीं किया गया है। सन 1989- 90 की स्थिति में और आज की स्थिति में कृषि का मूल्यांकन में काफी अंतर है। विभागीय उदासीनता व लापरवाही के कारण गरीब आदिवासी कृषक तीन दशक से मुआवजा से वंचित है और कई कृषकों की मृत्यु भी हो गई है। गरीब आदिवासियों के कृषि भूमि का शासकीय प्रयोजन के लिए अधिग्रहित कर मुआवजा प्रदान नहीं करना मानव अधिकार का हनन है मुआवजा हेतु त्वरित कार्रवाई करते हुए एक माह के भीतर नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई करने ज्ञापन सोपा गया है।

# बदहाल हो रही स्वास्थ्य व्यवस्था को लेकर युवा कांग्रेस ने सीएमएचओ को सौंपा ज्ञापन

– संवाददाता –
अंबिकापुर,14 जून 2024
(घटती-घटना)।



युवा कांग्रेस के ब्लॉक अध्यक्ष ने नेतृत्व में सरगुजा में बदहाल हो रही स्वास्थ्य व्यवस्था को लेकर मुख्य स्वास्थ्य और चिकित्सा अधिकारी को प्रदेश के मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा गया। हाल ही में नावानगर स्वास्थ्य केन्द्र में स्वास्थ्य कर्मचारियों की अनुपस्थिति में एक महिला का खुले में प्रसव हुआ। इसके पूर्व 22 फरवरी 2024 को मेडिकल कॉलेज अस्पताल अम्बिकापुर में भी ऐसी ही घटना हुई जबकि एमसीएच भवन के प्रथम तल पर प्रसव पीड़ा से तड़प रहीं एक ग्रामीण महिला ने सोनोग्राफी के लिये लंबे इंतजार के दौरान खुले बालकनी में एक मृत शिशु को जन्म दया। स्वास्थ्य कर्मचारियों की लापरवाही से लगातार ऐसे असुरक्षित प्रसव के मामले सामने आ रहे हैं। हाल ही में अम्बिकापुर मेडिकल कॉलेज के पुरुष शल्य विभाग में विद्युत शार्ट सर्किट के कारण आगजनी की गंभीर घटना हुई। रिजेंट केमिकल के अभाव में अम्बिकापुर का हमर लैब ठप्प पड़ा हुआ है। पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार द्वारा अम्बिकापुर शहर एवं ग्रामीण क्षेत्रों में खोले गये हमर क्लिनिक में अनिवार्य दवाइयों का स्टॉक समाप्त हो गया है। पूर्ववर्ती सरकार ने अम्बिकापुर शहर में 16 हमर क्लिनिक खोलने का लक्ष्य रखा था, जिनमें से अधिकांश क्लिनिक पूर्ववर्ती सरकार ने स्थापित कर दिये थे। छत्तीसगढ़ में नई सरकार के आने के पश्चात लक्ष्यानुरुप शहर में एक भी हमर क्लिनिक स्थापित नहीं हुआ है। मेडिकल कॉलेज अस्पताल में पेयजल सप्लाई की स्थिति दयनीय है। सफाई और सुरक्षा का ठेका होने के बावजूद संबंधित ठेकेदार को कार्य सुपुर्द नहीं होने के कारण मेडिकल कॉलेज अस्पताल में सफाई एवं सुरक्षा की स्थिति दयनीय है।

नई सरकार के आने के महज 6 माह के भीतर समुचित प्रबंधन एवं नियंत्रण के अभाव में स्वास्थ्य अमला मनमाना कार्य कर रहा है, जिससे आमजन स्वास्थ्य एवं जीवन पर अभूतपूर्व संकट उत्पन्न हो गया है। युवा कांग्रेस ने ज्ञापन देने के साथ ही यह भी कहा है कि सरकार बदलने के बाद बदहाल हुई स्वास्थ्य व्यवस्था को अगर पटरी पर नहीं लाया गया तो युवा कांग्रेस आंदोलन के लिए विवश होगी। युवा कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष के साथ ज्ञापन देने वालों में अमित सिंह, दिनेश शर्मा, मिथुन सिंह, राहुल सोनी,अनिकेत गुप्ता ,मनीष साहू ,सालिक अंसारी,राहुल ,आयुष पांडे,पीयूष सोनी,अनुग्रह बघेल,आर्यन गुप्ता, अंकुश साहू, अतुल,आशु,प्रिंस, राजा, श्रेयांश ,सतेंद्र आदि युवा कांग्रेस के कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# आबकारी एक्ट के तहत अभियान चलाकर 9 मामले में 42 लीटर शराब जब्त

– संवाददाता –
अंबिकापुर,14 जून 2024
(घटती-घटना)।



जिले के विभिन्न थाना पुलिस द्वारा आबकारी एक्ट के तहत अभियान चलाकर 9 मामले में कुल 42 लीटर महुआ शराब जब्त किया है। सर्वाधिक शराब मणिपुर थाना क्षेत्र से दो प्रकरण में कुल 20 लीटर जब्त कया गया है। पुलिस ने सभी मामले में कार्रवाई की है।

अभियान के तहत मणिपुर पुलिस द्वारा आरोपी प्रभात उर्फ मोनू उम्र 24 वर्ष निवासी बंजारी के कब्जे से 16 लीटर अवैध महुआ शराब जब्त किया गया है। जिसकी कीमत 16 सौ रुपए बताई जा रही है। वहीं दूसरे मामले में आरोपी प्रमोद मांझी उम्र 38 वर्ष निवासी हनुमान मंदिर के पीछे दर्रीपारा के कब्जे से 4 लीटर शराब जब्त किया गया है। जिसकी कीमत 400 रुपये बताई जा रही है। तीसरे प्रकरण में आरोपी बाबूलाल उम्र 45 वर्ष निवासी हर्राटिकरा के कब्जे से 4 लीटर जब्त किया गया है। जिसकी कीमत 4 सौ रुपए बताई जा रही है। गांधीनगर पुलिस द्वारा राजमति उर्फ मोना उम्र 33 वर्ष निवासी बिशुनपुर के कब्जे से 4 लीटर दूसरे प्रकरण में कविता सिंह उम्र 30 वर्ष निवासी पीजी कॉलेज के सामने मनेन्द्रगढ़ रोड़ से 4 लीटर शराब जब्त किया गया है। वहीं धौरपुर पुलिस द्वारा आरोपिया सोनम दास उम्र 32 वर्ष निवासी पड़ोली के कब्जे से 4 लीटर, दूसरे प्रकरण में आरोपिया राजमनी उम्र 45 वर्ष निवासी करौली के कब्जे से 2 लीटर शराब जब्त किया गया है। वहीं थाना लुण्ड्रा पुलिस द्वारा आरोपी रामदास उम्र 45 वर्ष निवासी सेमरपारा के कब्जे से 1 लीटर, थाना उदयपुर आरोपी जयपाल उम्र 38 वर्ष के कब्जे से 3 लीटर शराब जब्त किया गया है। कुल 9 प्रकरण में 42 लीटर महुआ शराब जब्त किया गया है।

# नेपाल में भूस्खलन से 4 की मौत



**काठमांडू,14 जून 2024।** उत्तर-पूर्वी नेपाल के तापलेजंग जिले में गुरुवार रात भूस्खलन में एक परिवार के चार सदस्यों की मौत हो गई, एक स्थानीय अधिकारी ने शुक्रवार को बताया।

फक्तंगलुंग ग्रामीण नगर पालिका में एक दंपत्ति और उनकी जुड़वां बेटियों की मौत हो गई,जब उनका घर मलबे में दब गया।

ग्रामीण नगर पालिका के अध्यक्ष राजन लिंबू ने कहा, चारों की मौके पर ही मौत हो गई। शुक्रवार सुबह उनके शव बरामद किए गए।

लिंबू ने सिन्हुआ को बताया कि परिवार द्वारा पाली गई करीब 50 बकरियां और दर्जनों मुर्गियां भी इस आपदा में मर गईं।

जल विज्ञान और मौसम विज्ञान विभाग के अनुसार, सोमवार को मानसून के बादल पूर्वी नेपाल में घुस आए और भारी बारिश लेकर आए। नेपाल में बारिश से होने वाली आपदाएं आम हैं और नेपाली अधिकारियों ने अनुमान लगाया है कि इस साल 1.8 मिलियन से ज्यादा लोग इससे प्रभावित हो सकते हैं।

## हांगकांग ने अपमानजनक टिप्पणी के लिए ब्रिटिश न्यायाधीश की आलोचना की

**हांगकांग,14 जून 2024।** हांगकांग ने हाल ही में हांगकांग कोर्ट ऑफ फाइनल अपील के अस्थायी न्यायाधीश के पद से इस्तीफा देने वाले ब्रिटिश न्यायाधीश जोनाथन सम्पशन द्वारा अपने कानून के शासन पर की गई टिप्पणियों का कड़ा विरोध किया है। संपर्क कार्यालय के एक प्रवक्ता ने कहा कि सम्पशन ने हांगकांग में कानून के शासन, उसकी न्यायपालिका को सार्वजनिक रूप से बदनाम किया और अपने पद से इस्तीफा देने के बाद न्यायाधीशों को बदनाम किया।

अधिकारी ने कहा कि उनकी सभी टिप्पणियाँ सरासर झूठ और मनगढ़ंत अफ़वाहें थीं, उन्होंने उन्हें घृणित बताया क्योंकि उन्होंने एक न्यायाधीश के रूप में पेशेवर नैतिकता से समझौता किया और अस्थायी न्यायाधीश के रूप में शपथ लेते समय ली गई शपथ को तोड़ा।

प्रवक्ता ने कहा मातृभूमि में वापसी के बाद से हांगकांग में कानून का शासन बेहतर हो रहा है। एचकेएसएआर अदालतें स्वतंत्र रूप से सुनवाई करती हैं और न्यायाधीश किसी भी हस्तक्षेप से मुक्त होकर अपने न्यायिक कर्तव्यों का पालन करते हैं। प्रवक्ता के अनुसार, सम्पशन की बदनामी बाहरी ताकतों के साथ मिलकर प्रासंगिक मामलों में न्यायाधीशों पर दबाव बनाने का प्रयास था। प्रवक्ता ने कहा कि हांगकांग और अधिक विश्वस्तरीय कानूनी पेशेवरों को एकत्रित करेगा तथा कानून के शासन और अपनी न्यायपालिका की स्वतंत्रता को बनाए रखेगा।

## पूर्वी चीन में भारी बारिश के कारण लगभग 27,000 निवासियों को निकाला गया

**फ़ूज़ौ,14 जून 2024।** स्थानीय अधिकारियों के अनुसार, शुक्रवार सुबह 6 बजे तक, पूर्वी चीन के फ़ुज़ियान प्रांत के नानपिंग, सैनमिंग और अन्य शहरों में लगभग 51,500 लोग भारी बारिश के नवीनतम दौर से प्रभावित थे, और लगभग 27,000 निवासियों को निकाला गया।



प्रांतीय बाढ़ नियंत्रण अधिकारियों के अनुसार, इस अवधि के दौरान, फ़ुज़ियान में 3,133 हेक्टेयर से अधिक फसलें बर्बाद हो गईं। 9 जून को सुबह 8 बजे से 14 जून को सुबह 6 बजे तक, फ़ुज़ियान भर में 55 काउंटी-स्तरीय क्षेत्रों में 386 टाउनशिप में 100 मिमी से अधिक की संचयी वर्षा दर्ज की गई। स्थानीय मौसम विज्ञान अधिकारियों ने कहा कि सबसे अधिक वर्षा नानपिंग शहर के हुआंगकेंग टाउनशिप में 581.8 मिमी से अधिक दर्ज की गई।

प्रांत में भारी बारिश के बाद, बिजली पैदा करने वाले वाहनों और इलेक्ट्रिक पावर जनरेटर से लैस स्थानीय आपातकालीन मरम्मत कर्मचारियों ने नानपिंग में प्रभावित घरों में बिजली आपूर्ति बहाल करने में मदद की है।

## यूक्रेन पर बड़े पैमाने पर रूसी हवाई हमले हुए



**कीव,14 जून 2024।** यूक्रेन में शुक्रवार को हवाई हमले की चेतावनी जारी की गई, क्योंकि देश में रूसी सेना द्वारा हवाई हमलों की एक श्रृंखला जारी की गई थी, यूक्रेनी वायु सेना ने एक बयान में कहा।

बयान के अनुसार, शुक्रवार को सुबह-सुबह मिसाइलों के कई बैच उत्तरी सुमी और चेर्निहिव क्षेत्रों के हवाई क्षेत्र से यूक्रेन में प्रवेश कर गए, और कीव, पश्चिमी शहर रिव्ने और पश्चिमी खमेलनित्सकी क्षेत्र में स्टारोकोन्स्टायंटिनिव शहर की ओर बढ़ गए।

बयान में कहा गया कि हमलों की दूसरी लहर के दौरान, रूस ने यूक्रेन पर किंजल मिसाइल दागी।

यूक्रेन के सार्वजनिक प्रसारक सुस्पिलने ने बताया कि हवाई अलर्ट के दौरान यूक्रेनी राजधानी और खमेलनित्सकी क्षेत्र में विस्फोटों की आवाज़ सुनी गई। स्टारोकोन्स्टायंटिनिव एयरफील्ड, जो कथित तौर पर एफ-16 लड़ाकू विमानों की मेजबानी करेगा, लंबे समय से रूसी सेना के निशाने पर है।

## पुतिन ने अमेरिका-यूक्रेन सुरक्षा समझौते को धोखा बताया

**मॉस्को,14 जून 2024।** रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने शुक्रवार को कहा कि यूक्रेन और अमेरिका के बीच हस्ताक्षरित सुरक्षा समझौता महत्वहीन है। वर्ष की पहली छमाही में, यूक्रेन ने कई यूरोपीय देशों के साथ समझौतों के एक पैकेज पर



हस्ताक्षर किए; अब अमेरिका के साथ एक समान दस्तावेज है... यदि इस तरह के समझौते में गंभीर कानूनी विशेषज्ञता है, तो निश्चित रूप से एक सवाल उठेगा किसने और किस योग्यता के साथ इन दस्तावेजों पर हस्ताक्षर किए? यह पता चलेगा कि यह सब एक धोखा है संधि महत्वहीन है, और पूरा ढांचा ढह जाएगा, पुतिन ने रूसी विदेश विभाग के नेताओं के साथ बैठक में कहा।

इस बीच, रूस को अलग-थलग करने का पश्चिम का अभियान विफल हो गया है, रूसी राष्ट्रपति ने कहा।

## ग्रीक प्रधानमंत्री मंत्रिमंडल में फेरबदल करेंगे

**एथेंस,14 जून 2024।** ग्रीक सरकार के सूत्रों के अनुसार, ग्रीक प्रधानमंत्री किरियाकोस मित्सोताकिस शुक्रवार को मंत्रिमंडल में फेरबदल करेंगे। सूत्र ने सिन्हुआ को बताया कि ग्रीक प्रधानमंत्री का कार्यालय



स्थानीय समयानुसार सुबह 11:30 बजे (0830 GMT) मंत्रिमंडल में फेरबदल की घोषणा करने जा रहा है।

इस सप्ताह की शुरुआत में प्रधानमंत्री ने कहा था कि रविवार को यूरोपीय संसद के चुनाव में उनकी रूढ़िवादी पार्टी को उम्मीद से कम प्रतिशत वोट मिलने के बाद वे सुधारात्मक उपाय करने के लिए आगे बढ़ेंगे।

## सार्वजनिक स्थानों पर शराब सेवन करने पर पुलिस की सख्ती

**- संवाददाता -**
**अंबिकापुर,14 जून 2024 (घटती-घटना)।**

सार्वजानिक स्थान पर शराब का सेवन कर आमनागरिकों मे छोभ उत्पन्न करने वाले आरोपियों के विरुद्ध लगातार सखूती से कार्यवाही कर धरपकड़ की जा रही हैं, इसी क्रम मे कल दिनांक कों थाना कोतवाली, थाना मणीपुर, थाना सीतापुर पुलिस टीम द्वारा सार्वजानिक स्थान पर शराब का सेवन करने वाले व्यक्तियों पर सखूती से कार्यवाही की गई, पुलिस टीम द्वारा 07 प्रकरणों मे 09 आरोपियों के विरुद्ध सख्त वैधानिक कार्यवाही की गई हैं।

थाना कोतवाली पुलिस टीम द्वारा गाड़ाघाट खैरबार रोड़ किनारे सार्वजानिक स्थल पर शराब का सेवन करने वाले आरोपियों पर कार्यवाही करते हुए आरोपी (01) सुशांत मालाकर उम्र 63 वर्ष साकिन भगवानपुर शांतिपारा थाना गांधीनगर (02) श्यामलाल पाल उम्र 62 वर्ष साकिन भगवानपुर शांतिपारा थाना गांधीनगर (03) संजय कुमार पाण्डेय उम्र 48 वर्ष साकिन भगवानपुर शांतिपारा थाना गांधीनगर के विरुद्ध थाना कोतवाली मे धारा 36(च) आबकारी एक्ट के 03 प्रकरण दर्ज किये गए हैं।



थाना मणीपुर पुलिस टीम द्वारा हनुमान मंदिर रोड़ गली दर्रीपारा सार्वजानिक स्थल पर शराब का सेवन करने वाले आरोपियों पर कार्यवाही करते हुए आरोपी (01)संतोष कुमार उम्र 27 वर्ष साकिन तुलसी चौक गांधीनगर (02) धनंजय केशरी उम्र 39 वर्ष साकिन भगवानपुर गांधीनगर के विरुद्ध थाना मणीपुर मे धारा 36(च) आबकारी एक्ट के 02 प्रकरण दर्ज किये गए हैं। थाना सीतापुर पुलिस टीम द्वारा रजौटी मेन रोड़ पुलिया के पास सार्वजानिक स्थल पर शराब का सेवन करने वाले आरोपी पर कार्यवाही करते हुए आरोपी (01)विजय खलखो उम्र 21वर्ष साकिन ढोढ़ागाँव सीतापुर (02) कमिल साय उम्र 20 वर्ष साकिन कुनमेरा सीतापुर एवं सीतापुर बाजारडांड छपरी के पास सार्वजानिक स्थल पर शराब का सेवन करने वाले आरोपी पर कार्यवाही करते हुए आरोपी (03) दामोदर प्रसाद सिंह उम्र 44 वर्ष साकिन वंदना बकरीपारा सीतापुर एवं (04) सुधीर खेस उम्र 47 वर्ष साकिन रजौटी बरपरा सीतापुर के विरुद्ध थाना सीतापुर मे धारा 36(च) आबकारी एक्ट के 02 प्रकरण दर्ज किये गए हैं, कुल 07 मामले मे कुल 09 आरोपियों कों गिरफ्तार कर आरोपियों के विरुद्ध अग्रिम वैधानिक कार्यवाही की जा रही हैं।

सम्पूर्ण कार्यवाही मे थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक मनीष सिंह परिहार, थाना प्रभारी मणीपुर निरीक्षक दुर्गेश्वरी चौबे, थाना प्रभारी सीतापुर निरीक्षक भरत लाल साहू, सहायक उप निरीक्षक लल्लन गुप्ता, सहायक उप निरीक्षक शिवचरण साहू, प्रधान आरक्षक रजनीकांत मिश्रा, प्रधान आरक्षक अजय पाण्डेय, प्रधान आरक्षक अमित प्रताप सिंह, प्रधान आरक्षक रंजीत लकड़ा, आरक्षक समीर तिर्की, शिव राजवाड़े, अतुल शर्मा, पंकज देवांगन शामिल रहे।

## ब्लॉक स्तरीय एफ़एल.एन प्रशिक्षण प्रथम बैच का समापन हुआ



**- संवाददाता -**
**कुसमी,14 जून 2024 (घटती-घटना)।**

विकासखंड मुख्यालय से लगे सेमरा ग्राम में स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रजी माध्यम स्कूल में चार दिवसीय ब्लॉक स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम संम्पन हुआ,दरसल प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से मिली जानकारी के मुताबिक एन.इ.पी 2020 पर आधारित एफएल.एन प्रशिक्षण का आयोजन एस.सी.आर.टी रायपुर एवं डाइट अंबिकापुर के निर्देशानुसार दिनांक 10.06.2024 से इस एफएल.एन प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजित किया गया था।

कुसमी ब्लाक के प्रथामिक स्तर के सभी शिक्षकों एवं प्रधान पाठकों को प्रशिक्षण देने के लिए तीन जोन बनाकर जिसमें क्रमशः 1- कुसमी,02-सामरी,03चांदो जोन के माध्यम से एफएल.एन शिक्षण पद्धति बुनियादी भाषा एवं संख्यात्मक ज्ञान पर आधारित प्रशिक्षण दिया गया। इस प्रशिक्षण में मास्टर ट्रेनर (डी.आर.जी) के रुप में श्री शैलेन्द्र गुप्ता, श्री सतीश भगत एवं श्रीमती प्रियंका तिवारी, प्रथम चरण के नोडल अधिकारी श्री हरकेश भारती की महत्वपूर्ण भूमिका रही। प्रशिक्षण कार्यक्रम के चौथे दिवस में विकासखंड शिक्षा अधिकारी श्री रामपथ यादव एवं विकासखंड स्त्रोत समन्वयक के द्वारा सभी प्रतिभागियों उदबोधित करते हुये इसे स्कूल में पूर्ण रुप से लागू करने हेतू निर्देशित किया साथहि इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन भी किया गया।

## फिलीपींस ने पुष्टि की कि लाल सागर में जहाज पर फिलिपिनो चालक दल पर हमला हुआ




**मनीला,14 जून 2024।** फिलीपींस ने शुक्रवार को कहा कि 12 जून को लाल सागर में हूथी उग्रवादियों द्वारा हमला किए गए वाणिज्यिक जहाज पर सवार चालक दल में फिलिपिनो नाविक भी शामिल थे। फिलीपींस के विदेश मामलों के विभाग (डीएफए) ने कहा,फिलीपीन सरकार जहाज पर सवार फिलिपिनो चालक दल की सुरक्षा और भलाई सुनिश्चित करने और न्याय सुनिश्चित करने के लिए सभी आवश्यक उपाय करेगी। हम सभी संयुक्त राष्ट्र सदस्य देशों से नाविकों के मानवाधिकारों की रक्षा करने का आह्वान करते हैं। डीएफए ने यह नहीं बताया कि जहाज पर कितने फिलिपिनो थे,लेकिन सिन्हुआ के सूत्रों ने कहा कि जहाज पर 20 से अधिक फिलिपिनो चालक दल के सदस्य काम कर रहे थे।यमन के हूथी उग्रवादियों ने बुधवार को लाल सागर में लाइबेरियाई ध्वज वाले, ग्रीक स्वामित्व वाले बल्क कैरियर एमवी ट्यूटर पर नाव से बम से हमला किया। लाल सागर में हूथी हमलों में फिलिपिनो नाविक मारे गए या उनका अपहरण कर लिया गया। विद्रोहियों ने अभी भी कई अपहृत पीड़ितों को पकड़ रखा है।

अप्रैल में, फिलीपींस ने लाल सागर और अदन की खाड़ी से गुजरने वाले यात्री और क्रूज जहाजों पर फिलिपिनो नाविकों की तैनाती पर प्रतिबंध लगा दिया था, क्योंकि उन क्षेत्रों में नौकायन करना जोखिम भरा था। अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन के अनुसार, फिलीपींस दुनिया में समुद्री श्रम के सबसे बड़े आपूर्तिकर्ताओं में से एक है, जो दुनिया भर में 1.2 मिलियन नाविकों में से लगभग पाँचवाँ हिस्सा प्रदान करता है।

## बारिश आंधी-तूफान ने जमकर मचाया तबाही

- पेड़ टूटे स्कूलों के शेड उड़े
- घर पर पेड़ गिरने और उसमें दबने से 6 बच्चे समेत 8 हुए घायल
- सर,पैर,कमर और हाथ में आई चोट...
- एसडीएम बी.आर.खांडे की पहल पर सीएचसी उदयपुर में बच्चों का उपचार जारी...
- रामनगर महिला सरपंच ने दिखाई हिम्मत,घायलों को निकलवाकर स्वयं के साधन से पहुंचवाया अस्पताल ...









**- संवाददाता -**
**उदयपुर,14 जून 2024 (घटती-घटना)।**

शुक्रवार की देर शाम आए तेज आंधी तूफान और बारिश ने जमकर तबाही मचाया है। कहीं साइन बोर्ड टूट गए तो कहीं पेड़ उखड़ कर बिजली के खंभों और घरों में गिर गए । बिजली के तार कई जगह टूट के गिरे पड़े है। ग्राम मोहनपुर में मुख्यमंत्री स्कूल जतन योजना के तहत नवनिर्मित शेड आंधी में ताश के पत्तों की तरह उड़ते हुए नजर आए । ग्राम रामनगर में पेड़ घर के ऊपर गिरने से एक ही परिवार के छः बच्चे सहित 8 लोग दब गए जिन्हें महिला सरपंच ललिता रोहित सिंह टेकाम की पहल पर बाहर निकाल कर स्वयं के साधन से उदयपुर अस्पताल पहुंचाया गया।

घटना की सूचना उदयपुर एसडीएम बी आर खांडे को भी दी गई इस पर उन्होंने तत्काल उदयपुर पुलिस और शासकीय अस्पताल उदयपुर की टीम से बात की जहां पर घायलों के पहुंचने से पूर्व सभी लोग अलर्ट मोड में थे घायलों के पहुंचते ही सभी बच्चों का तत्परता पूर्वक महिला चिकित्सक एवं नर्सों द्वारा उपचार जारी है बच्चे अभी खतरे से बाहर है।

तेज आंधी तूफान में आज जिस तरह से बवाल मचाया है आने वाले दिनों में इसके और भी गंभीर परिणाम देखने को मिल सकते हैं खासकर मुख्यमंत्री स्कूल जतन योजना के तहत करोड़ों रुपए की लागत से सैकड़ो स्कूलों में निर्माण कराए गए सेड में गंभीर लापरवाही देखी गई है अब तक लगभग एक दर्जन स्कूलों के सेड मामूली हवा के झोंकों से लेकर तेज तूफान में उड़ते हुए नजर आए हैं इस पर शासन प्रशासन को गंभीरता से ध्यान देते हुए समीक्षा की अत्यंत आवश्यकता है। अन्यथा 18 तारीख से विद्यालय आरंभ होने के पश्चात यदि कोई ऐसी घटना हो गई तो इसका जिम्मेदार कौन होगा यह भी विचारणीय प्रश्न है ।

कई दावेदारों में पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष सबसे आगे,अन्य का नाम उनसे पिछड़ा,नए चेहरे पर भाजपा ने यदि जताया विश्वास बैकुंठपुर विधायक के खास किसी नए चेहरे पर लग सकती है मुहर...

# आखिर कौन होगा कोरिया जिले का नया भाजपा जिलाध्यक्ष ?

## क्या कोई नया चेहरा बनेगा जिलाध्यक्ष ?






## अनिल जायसवाल,संदीप दुबे सहित श्री राम राजवाड़े में से भी हो सकता है कोई जिलाध्यक्ष... शहर की बजाए गांव से जिलाध्यक्ष बने कोई इस बार यह भी है पार्टी कार्यकर्ताओं की मांग...

### कोरिया एमसीबी जिले को चाहिए मेहनती व लोगों को जोड़ने वाला जिलाध्यक्ष... अहम वाला जिलाध्यक्ष नहीं चाहिए संगठन को...

कोरिया और एमसीबी का जिलाध्यक्ष अहम वाला पार्टी को नहीं चाहिए वह संगठन में ऐसा नेतृत्व हो जो सबको साथ लेकर चले तभी दोनो जिले में भाजपा की स्थिति मजबूत होगी। वर्तमान में दोनों जिले में जिलाध्यक्ष ऐसे हैं जिन्हें एकला चलो वाली रणनीति का माना जाता है और कार्यकर्ता जिनके लिए कोई महत्व नहीं रखता और जिसका परिणाम भी देखने को मिला और भाजपा प्रत्याशी की लोकसभा में हार हो गई। अब नया जिलाध्यक्ष मेहनती हो कार्यकर्ताओं को आपस में जोड़कर रखने वाला हो जो कोई युवा ही कर सकता है ऐसा कार्यकर्ता ही मानकर चल रहे हैं। अब देखना है की पार्टी क्या निर्णय लेती है और किसे मौका देती है।

-रवि सिंह-
कोरिया,14 जून 2024
(घटती-घटना)।

कोरिया जिले के भाजपा जिलाध्यक्ष की छुट्टी होनी तय है। जिलाध्यक्ष रहते हुए कोई भी उपलब्धि हासिल न करने के कारण वहीं लोकसभा चुनाव में भाजपा की प्रत्याशी और भाजपा की राष्ट्रीय अध्यक्ष को जिले से बढ़त नहीं दिला पाने के कारण उनके विरुद्ध पद से हटाए जाने की कार्यवाही होनी निश्चित है यह बताया जा रहा है वहीं बताया जा रहा है की विधानसभा चुनाव में भी उनके प्रयासों से प्रत्याशियों को कोई लाभ नहीं हुआ था बल्कि सत्ता और विधायक विरोधी लहर में वहीं भाजपा प्रत्याशी की लोकप्रियता की वजह से पार्टी प्रत्याशी की जीत हुई थी जो सर्वविदित है। जिलाध्यक्ष सहित उनकी टीम के गिने चुने तीन और चेहरे ऐसे साबित हुए पार्टी के लिए जिनके कारण पार्टी कार्यकर्ताओं से दूर हुई वरिष्ठ भाजपाइयों को भी कई बार अपमानित होना पड़ा। कोरिया जिले में लोकसभा चुनाव परिणामों के बाद जिलाध्यक्ष का बदला जाना इसलिए भी तय है क्योंकि पार्टी के ही अंदरखाने जिलाध्यक्ष का काफी विरोध है और तीन के अलावा कोई जिलाध्यक्ष से संतुष्ट नहीं है वहीं लोकसभा चुनाव में जिलाध्यक्ष के कारण ही पार्टी प्रत्याशी की


घटती घटना | कोरिया-सूरजपुर -समाचार | अम्बिकापुर,रविवार 02 जून 2024 | 5

लोकसभा चुनाव परिणाम के बाद कोरिया भाजपा जिलाध्यक्ष पर गिरेगी गाज, हटाए जाएंगे: सूत्र

पटना में सीएम की सभा हुई थी फेल...जिस पर पार्टी नेतृत्व है नाराज:सूत्र

वर्तमान जिलाध्यक्ष कृष्ण बिहारी जायसवाल जिनका हटना तय

जवाहर गुप्ता दावेदार के रेस में

रविशंकर शर्मा दावेदार के रेस में

शैलेष शिवहरे दावेदार के रेस में

लक्ष्मण राजवाड़े दावेदार के रेस में

विनोद साहू दावेदार के रेस में

नए दावेदार हुए सक्रिय, अलग थलग पड़े जिलाध्यक्ष

हार हुई जिले से यह भी कार्यकर्ताओं का मानना है।संसाधन का समुचित उपयोग न करना परिवारवाद की परंपरा का वाहक बनना ही हार का कारण बना साथ ही यह भी कुछ लोगों का पार्टी के ही कहना है की अपने ही वार्ड से पुत्र को जिलाध्यक्ष वार्ड पंच निर्वाचित नहीं करा पाए और उनकी संगठनात्मक क्षमता और उनकी चुनाव को लेकर समझ इसी से समझी जा सकती है वहीं इसलिए उनको बदलने की मांग हो रही है जिससे कोई बेहतर संगठन क्षमता वाला ऊर्जावान नेतृत्व भाजपा को जिले में मिल सके।

भाजपा में इस बार शहर की बजाए ग्रामीण क्षेत्र से जिलाध्यक्ष बनाया जाए यह भी मांग उठ रही है। पार्टी के अंदर ही यह आवाज उठ रही है की इस बार जिलाध्यक्ष कोई नया एवम युवा चेहरा हो। कई बार से शहर से ही जिलाध्यक्ष चुना जा रहा है पटना को भी अब शहर का ही दर्जा मिल चुका है ऐसे में ग्रामीण क्षेत्र से ही जिलाध्यक्ष बनाया जाए जो भाजपा को जिले में मजबूत करे। जिलाध्यक्ष के लिए ग्रामीण क्षेत्र से कई नाम समाने आ रहे हैं,ग्रामीण क्षेत्रों में सोनहत और पटना ,बैकुंठपुर का ग्रामीण क्षेत्र प्रमुख है जहां से जिलाध्यक्ष बनाए जाने की मांग हो रही है उसमे से यदि दावेदारों के नाम की समीक्षा की जाए तो बैकुंठपुर विधायक के खास दो नाम भी जिलाध्यक्ष की दौड़ में शामिल हो सकते हैं,यह नाम है पटना क्षेत्र से अनिल जायसवाल और संदीप दुबे का। दोनों ही बैकुंठपुर विधायक के खास हैं और कहीं न कहीं दोनों का संगठनात्मक समझ बेहतर है। इन दोनो नामों में से यदि किसी नाम पार मुहर लगती है तो यह भी माना जायेगा की नए चेहरे को तव्वजो भी मिला पार्टी की तरफ से वहीं युवा चेहरा होंगे यह यदि इनमे से कोई जिलाध्यक्ष बना।

### युवा जिलाध्यक्ष की दौड़ में अनिल जायसवाल,संदीप दुबे,विनोद साहू,अंचल राजवाड़े का है नाम,विनोद साहू को जिलाध्यक्ष का खास होने का हो सकता है नुकसान...

भाजपा का नया जिलाध्यक्ष कोई युवा चेहरा हो यह पार्टी कार्यकर्ताओं की मांग है ।बताया जा रहा है की लोकसभा चुनाव में भाजपा प्रत्याशी की हार को भाजपा के युवा कार्यकर्ता पचा नहीं पा रहे हैं और वह अब युवा नेतृत्व की मांग कर रहे हैं संगठन में। युवा चेहरे जिन्हे जिलाध्यक्ष बनाया जा सकता है उसमे जो नाम प्रमुख हैं उनमें अनिल जायसवाल, संदीप दुबे, अंचल राजवाड़े और विनोद साहू के नाम प्रमुख हैं। बता दें की अंचल राजवाड़े योग्य और एक बेहतर विकल्प हो सकते थे जिलाध्यक्ष के रूप में लेकिन एक मामले में उनका नाम फर्जीवाड़े के लिए सामने आने पर उन्हे भाजयुमो जिलाध्यक्ष पद से स्तिफा देना पड़ा और अभी भी उस मामले में वह दोषमुक्त नहीं हुए हैं इसलिए उन्हें पार्टी नेतृत्व सौंपेगी लगता नहीं है वहीं विनोद साहू का नाम इसलिए जिलाध्यक्ष की दौड़ से बाहर हो सकता है क्योंकि वह वर्तमान में महामंत्री हैं जिले में वहीं वह जिलाध्यक्ष के सबसे विश्वासपात्र थे करीब थे उसके बावजूद कार्यकर्ताओं और संगठन के बीच दूरी बनी हुई थी इसलिए उन्हे भी शायद ही पार्टी जिम्मेदारी दे क्योंकि उन्हे भी यह मानकर जिलाध्यक्ष पार्टी नहीं बनाएगी क्योंकि वह जिलाध्यक्ष की टीम में रहते हुए कार्यकर्ताओं को सम्मान नहीं दिला पाए।। अब अनिल जायसवाल और संदीप दुबे में से कोई एक ही ऐसा नाम विकल्प स्वरूप युवा चेहरे के रूप में बचता है जो जिलाध्यक्ष की दौड़ में सबसे आगे हैं वहीं यदि सामान्य वर्ग से मौका दिया गया संदीप दुबे का नाम सबसे ऊपर आ जायेगा।

### जिलाध्यक्ष की दौड़ में आगे चल रहे लक्ष्मण राजवाड़े और विनोद साहू का जिलाध्यक्ष बनना आसान नहीं ?

जिलाध्यक्ष की दौड़ में आगे चल रहे लक्ष्मण राजवाड़े और विनोद साहू का जिलाध्यक्ष बनना आसान नहीं दिख रहा है क्योंकि लक्ष्मण राजवाड़े जिलाध्यक्ष से भी ऊपर विधानसभा संयोजक स्वरूप कार्य कर रहे थे वहीं विनोद साहू जिलाध्यक्ष के सबसे विश्वशनीय सहयोगी थे और एक तरह से उनके विश्वासपात्र थे जो जिलाध्यक्ष की टीम में रहकर भाजपा की लोकसभा प्रत्याशी के लिए जीत सुनिश्चित कर रहे थे जिसमे वह असफल हुए जिस कारण उन्हे भी जिलाध्यक्ष बतौर शायद ही कार्यकर्ता स्वीकार करें और कार्यकर्ताओं की उपेक्षा भी उनके जिला महामंत्री रहते हुए होती रही जिसको लेकर वह मौन रहे जिस कारण यह कहा जा सकता है की उनकी दावेदारी कमजोर है। अब ऐसे में ग्रामीण क्षेत्र से बड़े नामों में से यदि कुछ नाम जिलाध्यक्ष की दौड़ में शामिल होंगे तो उनमें रविशंकर शर्मा, अनिल जायसवाल और संदीप दुबे का नाम प्रमुख हो सकता है वहीं यदि भाजपा जिस प्रकार अप्रत्याशित निर्णय के लिए जानी जाती है युवा एवम नए चेहरे को तरजीह देती है उसके हिसाब से अनिल जायसवाल और संदीप दुबे में से कोई एक नाम सामने आ सकता है।बैकुंठपुर विधानसभा और भरतपुर सोनहत विधानसभा का सोनहत क्षेत्र कोरिया जिले में शामिल है,भरतपुर सोनहत क्षेत्र की विधायक आदिवासी समुदाय से हैं और बैकुंठपुर विधानसभा के विधायक अन्य पिछड़ा वर्ग समुदाय से हैं वहीं वर्तमान जिलाध्यक्ष भी अन्य पिछड़ा वर्ग समुदाय से हैं ऐसे में सामाजिक संतुलन के हिसाब से यदि जिला अध्यक्ष का चयन किया जाता है तो सामान्य वर्ग को इस बार अवसर मिल सकता है क्योंकि निर्वाचित जनप्रतिनिधियों में से जिले में अनुसूचित जन जाति समुदाय और अन्य पिछड़ा वर्ग समुदाय से जिले में नेतृत्व मिला हुआ है और इस हिसाब से रविशंकर शर्मा और संदीप दुबे में से कोई एक जिलाध्यक्ष हो सकता है वहीं युवा नेतृत्व यदि भाजपा प्रदान करती है जिले में संगठन में तो भी संदीप दुबे का ही नाम अग्रिम पंक्ति में हो सकता है शेष यदि शहर से ही पुनः जिलाध्यक्ष का चुनाव पार्टी करती है तो शैलेश शिवहरे का नाम भी प्रमुख नाम हो सकता है।

### क्या जिले को मिलेगा युवा जिलाध्यक्ष ?

कोरिया जिले में भाजपा क्या युवा जिलाध्यक्ष प्रदान करने वाली है। वैसे कार्यकर्ताओं की मांग है की युवा वर्ग को ही इस बार नेतृत्व मिले वहीं ग्रामीण क्षेत्र से नेतृत्व संगठन को मिले। अब भाजपा का शीर्ष नेतृत्व क्या निर्णय लेता है यह तो जिलाध्यक्ष की नियुक्ति के बाद ही पता चलेगा लेकिन युवा चेहरा जिलाध्यक्ष यदि बनता है कोरिया जिले में भाजपा का यह चौंकाने वाला निर्णय होगा। वैसे वर्तमान जिलाध्यक्ष के कार्यकाल को देखते हुए भाजपा युवा चेहरा संगठन को प्रदान कर सकती है जो पार्टी को कार्यकर्ताओं को एकसूत्र में बांधकर चल सके और पार्टी को मजबूत कर सके। एकला चलो की नीति छोड़ नया जिलाध्यक्ष सामूहिक रूप से कार्यकर्ताओं के बीच निर्णय लेकर पार्टी को फिर से मजबूत कर सके यह पार्टी का निर्णय समाने आ सकता है।

## भटगांव क्षेत्र के मेडिकल स्टोर में अवैध रूप से संचालित क्लीनिक के विरुद्ध कार्यवाही




-संवाददाता-
सूरजपुर,14 जून 2024
(घटती-घटना)।

जिला पर्यवेक्षी अधिकारी नर्सिंग होम एक्ट कलेक्टर सूरजपुर एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के निदेशाअनुसार स्वास्थ्य विभाग के नर्सिंग होम एक्ट एवं औषधि प्रधान प्रशासन के संयुक्त टीम के द्वारा भटगांव क्षेत्र के मेडिकल स्टोर के आड़ में अवैध रूप से संचालित क्लीनिक एवम झोलाछाप चिकित्सकों के विरुद्ध कार्यवाही की गई जिसके अंतर्गत भटगांव क्षेत्र के ग्राम बतरा स्थित प्रजापति मेडिकल स्टोर में अवैध रूप से क्लीनिक का संचालन पाया गया जिसके विरुद्ध में स्वास्थ्य विभाग एवं औषधि प्रशासन के द्वारा नोटिस जारी कर कार्यवाही करने की अनुशंसा की गई , संयुक्त टीम द्वारा ग्राम दतिमा स्थित आरोग्य क्लिनिक एवं आफताब मेडिकल स्टोर का भी निरीक्षण किया गया आफताब मेडिकल स्टोर बंद पाया गया, एवम आरोग्य क्लिनिक के संचालक को नर्सिंग होम एक्ट में आवेदन प्रश्नत क्लीनिक के संचालन हेतु निर्देशित किया गया, था इसके साथ ही संयुक्त टीम द्वारा श्री राम मेडिकल स्टोर बतरा, रूप रेखा रेखा मेडिकल स्टोर तथा शर्मा मेडिकल स्टोर बतरा के साथ भटगांव में स्थित राज मेडिकल स्टोर का निरक्षण किया गया, तथा समस्त मेडिकल स्टोर संचालक को निर्देशित किया गया कि किसी प्रकार की अवैध रूप से क्लीनिक के संचालन पाए जाने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## पत्रकार को सच का आइना दिखाना पड़ा महंगा...

## पत्रकार पर असामाजिक तत्व ने किया जान लेवा हमला





-संवाददाता-
राजपुर/मरवाही,14 जून 2024
(घटती-घटना)।

जिला जीपीएम में निष्पक्ष पत्रकारिता करना मतलब जान जोखिम में डालना। प्राप्त जानकारी के अनुसार पत्रकार दीपक गुप्ता निवासी ग्राम सकोला मरवाही अपने घर के ही पास संचालित ढाबा में खाना लेने के लिए गया हुआ था जब वह लघु शंका करने के लिए ढाबा के बगल पर गया तभी पीछे से भला व्यक्ति ने पत्रकार दीपक गुप्ता के ऊपर जानलेवा हमला कर दिया पहले तो हमलावर ने दीपक गुप्ता को पीछे से वार किया जिससे दीपक गुप्ता के सर में गंभीर चोट आई उसका सर फट गया जब वह पलटा तो हमलावर ने उसके मुंह पर वार किया जिससे उसका जबड़ा फट गया दीपक गुप्ता के जमीन में गिरने के पश्चात हमलावर ने ताबड़तोड़ वार करना शुरू किया वहां खड़े लोगों ने बीच बचाव किया मौका पाकर दीपक गुप्ता अपनी जान बचाते हुए वहां से भागते हुए अपने घर पहुंचा जहां पर वह अचेत अवस्था में हो गया तत्काल आनन फानन में उसके परिजनों और मित्रों ने उसे जिला अस्पताल में दाखिल कराया जहां पर उसका इलाज चल रहा है सर और जबड़े में टांके लगे हैं दीपक गुप्ता बहुत ही घबराया हुआ है जिससे उसे बीच-बीच में चक्कर भी आ रहा है। अब प्रश्न यह उठता है कि समाज को सच दिखाना शासन प्रशासन राजनेताओं को आइना दिखाना निष्पक्ष पत्रकारिता करना अपनी जान को जोखिम में डालने के बराबर हो गया है। हर व्यक्ति चाहता है कि पत्रकार निष्पक्ष पत्रकारिता करें परंतु वह हमारे बारे में निष्पक्ष खबर प्रकाशित न करें ऐसी ही खतरनाक घटनाओं को रोकने के लिए अखिल भारतीय पत्रकार सुरक्षा समिति पत्रकार सुरक्षा कानून को लेकर संघर्षरत है परंतु आज तक पत्रकार सुरक्षा कानून लागू नहीं हो पाया है सत्ता किसी भी दल की हो पत्रकार को उससे दो-चार होना ही पड़ता है पत्रकार को कमजोर रखने के गरज से पत्रकार सुरक्षा कानून जानबूझकर लागू नहीं किया जा रहा यदि पत्रकार सुरक्षा कानून लागू हो जाता तो ऐसी घटनाओं पर संभवत काफी हद तक विराम लग सकता था ।

### हमले की कड़ी निंदा की और जल्द गिरफ्तारी की मांग

गोविन्द शर्मा प्रदेश अध्यक्ष अखिल भारतीय पत्रकार सुरक्षा समिति ने पत्रकार पर हुए हमले की कड़ी निंदा की और जल्द गिरफ्तारी की मांग, आरोपी पकड़े नहीं गए तों पत्रकार सुरक्षा समिति के समस्त जिले के पत्रकार जीपीएम में धरना देगे।

### दोनों पक्षों की ओर से एफआरआई दर्ज

ओम चन्देल अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जीपीएम ने कहा दोनों पक्षों की ओर से एफआरआई दर्ज कराई गई है अनुविभागीय अधिकारी पुलिस को जांच के लिए लिखा गया जांच पश्चात आगे की कार्यवाही की जायेगी।

# योगेश मिश्रा का अपने जन्म दिवस पर रक्तदान करने का सिलसिला जारी

## श्रमिक नेता योगेंद्र मिश्रा अब तक 31 बार कर चुके हैं रक्तदान...जीएम,एसईसीएल डिस्पेंसरी में भव्य रक्तदान शिविर का हुआ आयोजन





-संवाददाता-
कोरिया,14 जून 2024
(घटती-घटना)।
सहक्षेत्र कटकोना में कार्यरत कर्मचारी व श्रमिक नेता हमेशा सबके सुखदुख में शामिल होते है और वह अपने खुद का जन्मदिन प्रत्येक वर्षो के भांति इस वर्ष भी रक्तदान कर मनाया। संयोगवश इनका जन्म दिन व रक्तदान दिवस दोनों ही एक ही दिन पड़ता है और वह प्रत्येक वर्ष अपने जन्म दिन पर जरूरतमंदों के लिये रक्तदान कर अगल अंदाज में अपना जन्म दिन मनाते है। इस बार भी श्रमिक नेता योगेन्द्र मिश्रा व उनके साथीयों ने रक्तदान किया, अभी तक योगेंद्र मिश्रा ने करीब 31 बार रक्तदान कर चुके है। श्रमिक नेता योगेन्द्र मिश्रा सदैव ही अपने साथ-साथ दूसरे की चिंता करते है यही वजह है कि अपने जन्म दिन पर प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी रक्तदान किया और उनके इस नेक कार्य में सहयोग देने के लिये उनके साथी भी रक्तदान दिवस में रक्तदान महादान के परम्परा को जीवित रखे हुये है। ऐसा ही कार्यक्रम आयोजित कर योगेन्द्र मिश्रा व उनके 31 साथियों ने 31 युनिट रक्तदान किया। यही वजह है कि योगेन्द्र मिश्रा क्षेत्र के लिये प्रेरणास्त्रोत बने हुये है उनकी इसी समाज सेवा,जनकल्याणकारी सोच की वजह से प्रत्येक वर्ष उनके साथ रक्तदान करने वालों की संख्या में बढ़ोत्तरी हो रही है।

कोरिया जिला मुख्यालय बैकुण्ठपुर स्थित एसईसीएल डिस्पेंसरी में एसईसीएल बैकुण्ठपुर क्षेत्र के जीएम वीएन झा ने एचएमएस द्वारा आयोजित रक्तदान शिविर का शुभारंभ किया, इस अवसर पर उन्होंने लोगो से ज्यादा से ज्यादा रक्तदान करने के लिए प्रेरित किया। विश्व रक्तदान दिवस के अवसर पर एसईसीएल बैकुण्ठपुर क्षेत्र ने विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया, आयोजन को लेकर रक्तदाताओं में काफी उत्साह देखा गया, इस अवसर पर एसईसीएल बैकुण्ठपुर क्षेत्र के जीएम वीएन झा, क्षेत्रिय कार्मिक प्रबंधक आर आर लकड़ा, डॉ संजय सिंह सीएमएचओ रीजनल अस्पताल चर्चा, डिप्टी सीएमओ ए के बिराजी, एचएमएस के क्षेत्रीय अध्यक्ष हरि यादव, महामंत्री योगेन्द्र कुमार मिश्र, डॉ डीके चिकंजुरी के साथ काफी संख्या में कॉलरी के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

### इन्होंने किया रक्तदान

एचएमएस के महामंत्री योगेंद्र मिश्रा का आज जन्मदिन भी है, प्रायः अपने जन्मदिन पर वो बीते लंबे समय से रक्तदान करते आ रहे है आज भी उन्होंने पहले रक्त देकर रक्तदान शिविर की शुरुआत की उनके साथ आनंद राजवाडे, देवेंद्र जायसवाल, महेश कुमार, अभिषेक द्विवेदी, जय कुमार, सोनू, ओम प्रकाश, दिनेश शर्मा, ज्ञानेंद्र पांडेय, अशोक निर्मलकर, मुकेश कुमार, संतोष कुमार, आशीष शुक्ला, लक्षमण नायक, गोलु गुप्ता , अजय, राकेश चक्रधारी, अजय राठिया, धर्मेंद्र कुमार, अनिल, सत्येन्द्र, राजू भोला सिंह, कमलेश गुप्ता, विक्की सांवरे, बालकृष्ण, अनिल सिदार, लेखपालेश्वर, आलोक संतोष, आसनारायन सिंह, मंटू, भोले देवांगन, सनी सिंह, अभय सिंह,भोला चक्रधारी, अज्जू सेन, अभय सेन, राकेश यादव ने रक्तदान किया और भी लोग रक्तदान करने के लिए आगे आए है।

### मेरे एक यूनिट रक्त से किसी के प्राण बच सके तो इससे अच्छा और क्या हो सकता है

श्री मिश्रा ने बताया कि मुझे अच्छा लगता है कि मैं प्रत्येक वर्ष अपना रक्त दान कर किसी जरूरतमंद का सहयोग करूं यदि मेरे एक यूनिट रक्त से किसी के प्राण बच सके तो इससे अच्छा और क्या हो सकता है,मेरे जन्म दिन के लिये। इसी सोच के साथ मैं प्रत्येक वर्ष अपने साथ अपने साथियों को भी प्रेरित करता हूं कि विश्व रक्तदान दिवस पर रक्तदान दान कर पून्य के भागीदार बनें और अपना मानव जीवन को सफल बनायें।

# बाजारों एवं हटरी में घूम-घूम कर मोबाइल फोन चोरी करने वाले दो आरोपी हुए गिरफ़्तार

## कुल 16 नग मोबाइल को किया गया बरामद

-संवाददाता-
कोरबा,14 जून 2024
(घटती-घटना)।
पुलिस अधीक्षक कोरबा सिद्धार्थ तिवारी द्वारा बाजारों एवं हटरी में मोबाइल की चोरी को रोकने एवं उनके विरुद्ध सख्त कार्यवाही के संबंध में दिये गये निर्देशों के परिपालन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक यू.बी.एस चौहान व नेहा वर्मा, नगर पुलिस अधीक्षक दर्री रविंद्र कुमार मीना एवं नगर पुलिस अधीक्षक कोरबा प्रतिभा मरकाम के मार्गदर्शन पर थाना क्षेत्र में बाजारों में मोबाइल फोन की चोरी के साथ साथ अवैध कारोबार करने वालों की धर पकड़ हेतु अभियान चलाया जा रहा है। जिस पर पुलिस के द्वारा सक्रिय मुखबिर तैनात किये गए हैं,जिनसे लगातार सूचना प्राप्त कर पुलिस के द्वारा कार्यवाही की जा रही है। वरिष्ठ अधिकारियों से प्राप्त दिशा निर्देश के परिपालन में पुलिस के द्वारा सजग कोरबा अभियान के तहत लगातार कार्यवाही किया जा रहा है । इसी तारतम्य में सायबर सेल कोरबा की टीम एवं सीएसईबी चौकी पुलिस शहर में पेट्रोलिंग के दौरान मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई की तुलसीनगर कोरबा में सामुदायिक भवन के पास झारखण्ड राज्य से आए 02 लड़के बहुत सारा पुराना मोबाईल फोन रखे है तथा बिक्री करने के लिये ग्राहक तलाश रहे है की सूचना पर वरिष्ठ अधिकारियों को तत्संबंध में अवगत कराकर आवश्यक दिशा निर्देश प्राप्त किया गया । मुखबिर के बताएं अनुसार हमराह स्टाफ एवं तुलसीनगर सामुदायिक भवन के पास घेराबंदी कर मुखबीर के बताए हुलिये के 02 लडकों को पकड़ा गया, जिन्होने पुछताछ पर अपना-अपना नाम मनोरंजन कुमार मण्डल पिता श्रीराम मण्डल उम्र 24 साल सा0 महाराजपुर बाजार थाना तालझाड़ी जिला साहेबगंज



(झारखण्ड) एवं लोबिन कुमार महतो पिता लक्ष्मीप्रसाद महतो उम्र 28 साल सा0 बाबुपुर थाना तीनपहाड़ जिला साहेबगंज (झारखण्ड) का होना बताए, जिनसे कोरबा आने जाने का कारण पुछने पर टाल मटोल करने लगे तथा कड़ाई से पुछताछ करने पर अपने गांव से आकर बाजारों में चोरी करना बताया। पूछे जाने पर उनके द्वारा बुधवारी बाजार कोरबा में मोबाईल चोरी करना बताया गया । जिनके कब्जे में रखे एक नीला रंग बैग को चेक करने पर चौकी सीएसईबी जिला कोरबा के अपराध क्रमांक 346, 349/2024 धारा 379 भा0द0वि0 में चोरी गए 02 नग मोबाईल फोन के अलावा कुल 14 नग विभिन्न कम्पनियों के मोबाईल फोन बरामद हुआ, जिन पर आरोपियों के कब्जे से मोबाइल फोन को जब्त कर आरोपियों के विरुद्ध धारा 41(1-4) दं.प्र.सं./ 379,34 भा0द0वि0 कायम किया गया। जिसपर आरोपियों को गिरफ़्तार कर न्यायिक रिमांड में भेज दिया गया है।



# 18 से निगम के विभिन्न वार्डो में लगाए जाएंगे राजस्व वसूली शिविर

## (31 जुलाई तक बकाया कर राशि जमा करने पर सम्पत्तिकर में मिलेगा 6.25 प्रतिशत छूट का लाभ)

-संवाददाता-
कोरबा,14 जून 2024 (घटती-घटना)।
नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा सम्पत्तिकर, समेकित कर, शिक्षा उपकर, 05 प्रतिशत जलकर, यूजर चार्जेज, जलकर एवं दुकान किराया आदि की वसूली हेतु निगम क्षेत्र के वार्डो में निर्धारित तिथियों व स्थलों पर राजस्व वसूली शिविरों का आयोजन किया जाएगा। 18 जून से क्रमशः वार्डो में शिविर आयोजित होंगे, करदाता इन शिविरों में पहुंचकर करों की बकाया राशि जमा करा सकते हैं। साथ ही वे स्वविवरणी फार्म भरकर अपने संबंधित जोन कार्यालय में 31 जुलाई 2024 तक राशि जमा करते हुए सम्पत्तिकर में 6.25 प्रतिशत छूट का लाभ प्राप्त कर सकते हैं। निगम द्वारा करदाताओं से कहा गया है कि निगम के देय करों के भुगतान का दायित्व करदाता के स्वयं का है, अतएव करदाताओं से आग्रह है कि वे अपना कर स्व-विवरणी भरकर आवश्यक रूप से बकाया करों की राशि निगम कोष में जमा कराएं। विशेषकर नये भवन, मकान तथा अन्य सम्पत्तियॉं, जिनमें सम्पत्तिकर, स्वनिर्धारण अभी तक नया किया गया है, वे अनिवार्य रूप से स्व-विवरणी फार्म भरकर अपने संबंधित जोन कार्यालय में जमा कराएं। निगम के संपदा अधिकारी एवं कर वसूली प्रभारी श्रीधर बनाफर ने बताया कि 18 जून से निगम क्षेत्र के वार्डो में निर्धारित तिथि व स्थलों पर राजस्व वसूली शिविरों का आयोजन किया जाएगा ताकि करदाता निगम को देय बकाया करों व दुकान किराए आदि की राशि सुगमता के साथ जमा कर सकें। शिविरों के आयोजन हेतु निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 18 जून को वार्ड क्र. 01 दलिया गोदाम रामसागरपारा, वार्ड क्र. 02 तुलसीनगर सामुदायिक भवन, वार्ड क्र. 23 आंगनबाड़ी केन्द्र क्र. 02 कृष्णानगर, वार्ड क्र. 17 पथर्रीपारा सामुदायिक भवन, वार्ड क्र. 34 अमरसिंह होटल के पास मंच, वार्ड क्र. 43 कलमीडुग्गू सामुदायिक भवन व वार्ड क्र. 54 दशहरा मैदान सर्वमंगलानगर में शिविर आयोजित होंगे। 19 जून को वार्ड क्र. 01 दुर्गा चौक पटेलपारा, वार्ड क्र. 02 तुलसीनगर सामुदायिक भवन, वार्ड क्र. 23 आंगनबाड़ी केन्द्र क्र. 02 कृष्णानगर, वार्ड क्र. 17 पथर्रीपारा सामुदायिक भवन, वार्ड क्र. 34 अमरसिंह होटल के पास मंच, वार्ड क्र. 43 जय भगवान गली दर्री व वार्ड क्र. 54 दशहरा मैदान सर्वमंगलानगर में शिविर आयोजित किए जाएंगे ।

# लापरवाही पर विद्युत विभाग के 2 यंत्री सस्पेंड

-संवाददाता-
जशपुर,14 जून 2024 (घटती-घटना)।
जशपुर सीएम के गृह जिले जशपुर में लगातार बिजली की शिकायतों को लेकर सरकार ने सख्ती दिखाते हुए तत्काल प्रभाव से दो यंत्रियों को निलंबित कर दिया है। सीएम विष्णुदेव साय के गृह जिले में विद्युत व्यवस्था की चरमराई स्थिति को लेकर बिजली विभाग अब हरकत में नजर आ रहा है। जशपुर जिले के कुनकुरी ब्लाक के विद्युत विभाग के सहायक यंत्री आरएन साहू और कनिष्ठ यंत्री दिनेश को विद्युत विभाग ने तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। निलंबित सहायक और कनिष्ठ यंत्री पर कार्य में लापरवाही और उच्च अधिकारियो के निर्देशों की अवहेलना का आरोप लगा है। छत्तीसगढ़ स्टेट पावर डिस्ट्रिब्यूशन कम्पनी लिमिटेड अंबिकापुर के मुख्य अभियंता शिरीष सेलट द्वारा जारी किये गए आदेश में निलंबन अवधि के दौरान सहायक यंत्री साहू का मुख्यालय बैकुंठपुर और अधीक्षण यंत्री आरके मिश्रा के आदेश से कनिष्ठ यंत्री दिनेश का निलंबन अवधि में बलरामपुर मुख्यालय निर्धारित किया गया है। कुनकुरी क्षेत्र में विद्युत व्यवस्था दुरुस्त बनाये रखने की जिम्मेदारी पाटन के कनिष्ट यंत्री मनीष आडिल को दी गई है। विद्युत विभाग में हुई इस कार्रवाई से हड़कंप मचा हुआ है

# अनाचार करने वाले 6 आरोपियों को किया गया गिरफ्तार

-संवाददाता-
कोरबा,14 जून 2024
(घटती-घटना)।
कोरबा सिविल लाइन थाना क्षेत्र की घटना है जहां एक पीड़िता / प्रार्थिया ने दिनांक 13.06.2024 को थाना उपस्थित आकर रिपोर्ट दर्ज करायी कि इसके घर पर दिनांक 12.06.2024 को प्रार्थिया का देवर चावल छोडने के लिए आया हुआ था। जो कि रात्रि होने के कारण इसके घर पर ही रूका था, कि



रात्रि लगभग 10ः30 से 11ः00 बजे के मध्य अजय खैरवार, गुडुवा, भागवत का बेटा गुलशन, रामेश्वर का बेटा गुलशन, राजेश, संदीप आये और इसके घर के दरवाजे को खटखटाया तो पीड़िता के देवर ने दरवाजा को खोला । जिसपर वे लोग इसके देवर को गाली गलौच करते हुए मारपीट करने लगे तथा उसका मोबाईल को छिन लिए । जिसपर देवर ने डर के मारे वहां से भाग गया। उसके जाने के बाद वे लोग पीड़िता के साथ मारपीट करने की । उसके बाद अजय खैरवार, गुडुवा, रामेश्वर का बेटा गुलशन इसे इसके साथ अनाचार किया एवं घर से भाग गए। पीड़िता ने जैसे तैसे उक्त घटना की शिकायत सिविल लाइन थाना रामपुर में दी । जिसकी शिकायत पर अपराध धारा 294, 323, 506, 392, 376 (घ), 34 भादवि का घटित होना पाये जाने से आरोपियों के विरूद्ध अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना कार्यवाही में लिया गया। उक्त मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक कोरबा सिद्धार्थ तिवारी के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक यूबीएस चौहान व नेहा वर्मा तथा डीएसपी प्रतिभा मरकाम के कुशल मार्गदर्शन तथा थाना प्रभारी सिविल लाइन के नेतृत्व में थाना सिविल लाइन पुलिस के द्वारा मामले की विवेचना के दौरान पुलिस के द्वारा आरोपीगण (1) राजेश कुमार गाडा पिता धनीराम गाडा उम्र 24 वर्ष साकिन थाना सिविल लाईन रामपुर जिला कोरबा (छ.ग.) (2) गुलशन गिदौरे पिता रामेश्वर गिदौरे उम्र वर्ष साकिन थाना सिविल लाईन रामपुर जिला कोरबा (छ.ग.) (3) संदीप यादव पिता मोनू यादव उम्र 30 वर्ष साकिन थाना सिविल लाईन रामपुर जिला कोरबा (छ.ग.) (4) गुलशन नटराज पिता भागवत प्रसाद उम्र 25 वर्ष साकिन थाना सिविल लाईन रामपुर जिला कोरबा (छ.ग.) (5) अजय खैरवार पिता रमेश खैरवार उम्र 22 वर्ष साकिन थाना सिविल लाईन रामपुर जिला कोरबा (छ.ग.) (6) गुडवा उर्फ गुड्डू साहू पिता शिवाजी साहू उम्र 20 वर्ष साकिन थाना सिविल लाईन रामपुर जिला कोरबा (छ.ग.) के विरूद्ध अपराध धारा क्र.347/2024 धारा 294, 323, 506, 392, 376(घ), 34 भादवि के तहत घटित करना सिद्ध पाये जाने से आरोपियों की पता तलाश कर गिरफ्तार करके न्यायिक रिमांड में लेकर जेल भेजा गया है।

# कोरबा प्रेस क्लब के नए कार्यकारिणी अध्यक्ष राजेन्द्र जायसवाल,सचिव नागेन्द्र श्रीवास एवं संरक्षक के पद पर मनोज शर्मा हुए निर्वाचित



-संवाददाता-
कोरबा,14 जून 2024
(घटती-घटना)।
कोरबा प्रेस क्लब की नयी कार्यकारिणी 2024-26 के लिए हुए चुनाव में राजेन्द्र जायसवाल ने अध्यक्ष के पद पर जीत हासिल की। दूसरे स्थान पर मनोज ठाकुर, जबकि हरिराम चौरसिया तीसरे स्थान पर रहें। अध्यक्ष के लिए राजेन्द्र जायसवाल को 84, मनोज ठाकुर को 80 एवं हरिराम चौरसिया को 03 वोट मिले हैं। इसी तरह सचिव पद पर नागेन्द्र श्रीवास ने जीत हासिल की। नागेन्द्र श्रीवास को 120 एवं धीरज दुबे को 48 वोट मिले हैं। वही संरक्षक पद के दो प्रत्याशी चुनाव मैदान पर थे , जिसमें मनोज शर्मा को 87 एवं नौशाद खान को 80 वोट मिले हैं। इसी तरह उपाध्यक्ष पद पर रामेश्वर ठाकुर, कोषाध्यक्ष के पद पर ई. जयन व सहसचिव के पद पर रघुनंदन सोनी निर्वाचित हुए। कार्यकारिणी सदस्य के रूप में राजकुमार शाह, शेख असलम एवं नीलम पड़वार चुने गए।


**सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मै गिरीश कुमार सिंह आ0 श्री चन्द्रिका सिंह-निवासी ग्राम-वार्ड नंबर-26, लोनायक जयप्रकाश वार्ड,बौरीपारा, अम्बिकापुर, थाना व तहसील अम्बिकापुर,जिला-सरगुजा छ0ग0 जो भारतीय सेना (आर्मी) में पदस्थ थे जिनका आर्मी नंबर-1488496k रैंक EX NK- GIRISH KUMAR SINGH है। आवेदक के आर्मी की निवृत्त सेवा पुस्तिका में पत्नी का नाम त्रुटिवश रेणु देवी अंकित हो गया है। जबकि उनका सही नाम रेणु सिंह है जो कि उनके सभी दस्तावेज में भी रेणु सिंह अंकित है। आज से रेणु सिंह सही नाम शासकीय एवं अर्धशासकीय में लिखा व पढ़ा जाये।

गिरीश कुमार सिंह
आ0 श्री चन्द्रिका सिंह
निवासी ग्राम-वार्ड नंबर-26, लोनायक जयप्रकाश वार्ड,बौरीपारा, अम्बिकापुर, थाना व तहसील अम्बिकापुर, जिला-सरगुजा छ0ग0

**न्यायालय तहसीलदार अंबिकापुर के न्यायालय में मामला क्रमांकः, 202406020700070**

विषयः-ब-121 मामले की श्रेणीः-
राजस्व सन्ः-2023-24
पोडीखुर्द प.ह.नं.00032(हे.)
पक्षकारों का विवरणः-
आवेदक पक्षकार-फुलेश्वरी यादव
अनावेदक पक्षकार-छ0ग0 शासन,

**ईश्तहार**

आवेदक फुलेश्वरी यादव पति मुन्नीलाल यादव निवासी ग्राम बरढोढी तहसील अंबिकापुर जिला-सरगुजा छ0ग0 के द्वारा त्रुटि सुधार हेतु आवेदन पत्र पेश कर बताया गया हैं कि आवेदक के स्वामित्व एवं अधिपत्य की ग्राम पोड़ीखुर्द स्थित खसरा नं0 325/25 रकबा 0.0588 हे0 भूमि का नक्शा त्रुटिपूर्ण हैं, उक्त भूमि का नक्शा भूमि खसरा नं0 325/5 के नक्शे में अंकित हैं, और खसरा नंबर 325/5 अपने नक्शा 325/5 में अंकित हैं, आवेदक द्वारा उक्त भूमि के नक्शे में हुए त्रुटि को सुधार किये जाने हेतु आवेदन पत्र अनुविभागीय अधिकारी महोदय अंबिकापुर के समक्ष प्रतुत किया गया हैं जो जॉच प्रतिवेदन हेतु हेतु इस न्यायालय को प्राप्त हुआ हैं।
उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति को कोई आपत्ती हो तो पेशी दिनांक 12/07/2024 के पूर्व न्यायालय में स्वयं अथवा अपने अभिभाष के माध्यम से उपस्थित होकर अपना दावा आपत्ती प्रस्तुत कर सक्ते हैं समय सीमा के बाद प्राप्त दावा आपत्ती पर कोई विचार नही किया जावेगा।
यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 11/06/2024 को जारी किया जाता हैं।

(सील) तहसीलदार अंबिकापुर

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.)अंबिकापुर,जिला-सरगुजा(छ0ग0)**

रा.प्र.क्र. अ-2/2023-24

**ईश्तहार**

एतद द्वारा सर्व-साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक मो0 नदीम खान आ0 मो0 मोईन खान जाति मुसलमान, निवासी अंबिकापुर, तहसील अंबिकापुर, जिला-सरगुजा (छ0ग0) के द्वारा अपने स्वामित्व एवं आधिपत्य की भूमि स्थित ग्राम-अंबिकापुर तहसील अंबिकापुर जिला-सरगुजा (छ0ग0) खसरा नं0 122/24 रकबा 0.010 हे0 भूमि को कृषि भिन्न आवासीय प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन कराने के लिए भूमि की बी-1,खसरा, ले-आउट भूमि उपयोगिता प्रमाण पत्र रजिस्ट्री की प्रति आदि संहित आवेदन प्रस्तुत किया है जो इस न्यायालय में विचाराधीन हैं।
अतएव उक्त सम्बंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई आपत्ति हो तो निधारित सुनवाई तिथि दिनांक 1/07/2024 को मेरे न्यायालय में अथवा अधीक्षक भू-अभिलेख के कार्यालय में स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकता हैं। निधारित समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।
आज दिनांक 14/06/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पदमुद्रा से जारी।

(सील) अनुविभागीय अधिकारी (रा.) अंबिकापुर

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.)अंबिकापुर,जिला-सरगुजा(छ0ग0)**

रा.प्र.क्र. अ-2/2023-24

**ईश्तहार**

एतद द्वारा सर्व-साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक असहाब आलम आ0 स्व.मो0 अबरार जाति मुसलमान, निवासी भटगांव, तहसील भैयाथान जिला-सूरजपुर (छ0ग0) के द्वारा अपने स्वामित्व एवं आधिपत्य की भूमि स्थित ग्राम-अंबिकापुर तहसील अंबिकापुर जिला-सरगुजा (छ0ग0) खसरा नं0 2355/19 रकबा 0.023 हे0 भूमि को कृषि भिन्न आवासीय प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन कराने के लिए भूमि की बी-1,खसरा, अधिकारी अभिलेख, रजिस्ट्री की प्रति आदि संहित आवेदन प्रस्तुत किया है जो इस न्यायालय में विचाराधीन हैं।
अतएव उक्त सम्बंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई आपत्ति हो तो निधारित सुनवाई तिथि दिनांक 1/07/2024 को मेरे न्यायालय में अथवा अधीक्षक भू-अभिलेख के कार्यालय में स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकता हैं। निधारित समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।
आज दिनांक 14/06/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पदमुद्रा से जारी।

(सील) अनुविभागीय अधिकारी (रा.) अंबिकापुर

# भारत और कनाडा के बीच मुकाबला आज

**» कनाडा के खिलाफ कोहली की फॉर्म पर रहेंगी नजरें,**

**» बारिश के खलल की संभावना**

**लॉडरहिल, 14 जून 2024।** भारत टी20 विश्व कप के अपने अंतिम ग्रूप ए मैच में शनिवार को यहां जब कनाडा से भिड़ेगा तो स्टार बल्लेबाज विराट कोहली के पिछले कुछ मैचों में कम स्कोर उसके लिए चिंता की बात होंगे। टीम को साथ ही उम्मीद होगी कि मुकाबले में बारिश का खलल नहीं पड़ेगा क्योंकि फ्लोरिडा के कई हिस्सों में लगातार बारिश हो रही है। तीन मैच में तीन जीत के साथ भारत पहले ही सुपर आठ चरण में जगह बना चुका है जिसके सभी मुकाबले वेस्टइंडीज में होंगे।

आईपीएल में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू की ओर से 150 से अधिक के स्ट्राइक रेट से 700 से अधिक रन बनाने के बाद कोहली टी20 विश्व कप में आए थे लेकिन शुरुआती मुकाबलों में अच्छा प्रदर्शन करने में नाकाम रहे। वह अब अब तीन मैच में 1.66 के औसत से पांच ही रन बना पाए हैं जिसमें अमेरिका के खिलाफ 'गोल्डन डक' (पहली गेंद पर खाता खोले बिना आउट होना) भी शामिल है। उम्मीद है कि वह एक बार फिर आईसीसी प्रतियोगिता में अच्छा प्रदर्शन करेंगे जो 13 साल बाद भारत के लिए एक और आईसीसी खिताब जीतने का उनका संभवतः आखिरी मौका है। भारतीय टीम न्यूयॉर्क से 1850 किमी की यात्रा करके फ्लोरिडा पहुंची है और उम्मीद है कि शहर बदलने के साथ कोहली को भाग्य भी बदलेगा। ब्रोवार्ड काउंटी स्टेडियम की पिच से गेंदबाजों को शायद न्यूयॉर्क जितनी मदद नहीं मिले जहां की पिच पर असमान उछाल था और धीमा आउटफील्ड के कारण क्रिकेट से अधिक मैदान और पिच की चर्चा हो रही थी। कोहली के ऊपर से हालांकि इस तथ्य से दबाव कुछ कम होगा कि उनके खराब प्रदर्शन का असर टीम के प्रदर्शन पर नहीं पड़ा है। कप्तान




रोहित शर्मा के साथ पारी का आगाज कर रहे कोहली के जल्दी आउट होने से हालांकि टीम को अच्छी शुरुआत नहीं मिल रही और बाद में आने वाले बल्लेबाजों पर दबाव बन रहा है। ऋषभ पंत और सूर्यकुमार यादव जैसे बल्लेबाज हालांकि कोहली के खराब प्रदर्शन की भरपाई करने में काफी हद तक सफल रहे हैं। पंत ने आयरलैंड और इंग्लैंड के खिलाफ क्रमशः 36 और 42 रन की पारियां खेलकर इन दोनों मैच में भारत की जीत में अहम भूमिका निभाई। सूर्यकुमार यादव ने टूर्नामेंट में खराब शुरुआत से उबरते हुए अमेरिका के खिलाफ महत्वपूर्ण अर्धशतक जड़ा। शिवम दुबे ने भी सह मेजबान के खिलाफ 35 गेंद में 31 रन बनाए जिससे संजू सैमसन और यशस्वी जायसवाल पर उन्हें एक बार फिर तरजीह मिलने की उम्मीद है। अगर भारत जायसवाल को मौका देता है तो वह पारी का आगाज करेंगे और ऐसे में कोहली को अपने तीसरे नंबर पर लौटना होगा। भारतीय बल्लेबाजों को भले ही न्यूयॉर्क की 'ड्रॉप इन पिचों' (दूसरी जगह तैयार करके लाई गई पिचें) पर जूझना पड़ा हो लेकिन इन विकेटों पर उसके गेंदबाजों ने शानदार प्रदर्शन किया। जसप्रीत बुमराह (पांच विकेट), हार्दिक पंड्या (सात विकेट) और अर्शदीप सिंह (सात विकेट) की तिकड़ी ने विरोधी बल्लेबाजों को लगातार परेशान किया। पंड्या और अर्शदीप का प्रदर्शन टीम प्रबंधन के लिए राहत भरा है क्योंकि ये दोनों आईपीएल में नाकाम रहे थे। टीम को हालांकि मोहम्मद सिराज (एक विकेट) और रविंद्र जडेजा (एक भी विकेट नहीं) से बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद होगी। भारतीय टीम कनाडा के खिलाफ कुलदीप यादव या युजवेंद्र चहल या फिर दोनों को मौका देने के बारे में सोच सकती है। ऐसी स्थिति में भारत को जडेजा और अक्षर पटेल को ब्रेक देना पड़ सकता है। अक्षर ने गेंद और बल्ले दोनों से अच्छा प्रदर्शन किया है। इससे गेंदबाजी इकाई को कैरेबिया की पिचों के लिए तैयारी का मौका मिलेगा जहां की पिचों से स्पिनरों को अधिक मदद मिलने की उम्मीद है। दूसरी तरफ कनाडा ने आयरलैंड के खिलाफ 12 रनकी जीत के साथ अपनी क्षमता दिखाई है।


सलामी बल्लेबाज आरोन जॉनसन जैसे खिलाड़ी विरोधी टीम को हैरान करने में सक्षम हैं। हालांकि कनाडा के बल्लेबाजों के लिए भारत की मजबूत टीम को हराना आसान नही होगा। मैच में हालांकि बारिश का खलल पड़ने की आशंका है। लॉडरहिल मियामी से लगभग 50 किमी दूर है जो उष्णकटिबंधीय तूफान के कारण आई बाढ़ से जूझ रहा है। यह टूर्नामेंट के आयोजकों के लिए चिंता की स्थिति है जो अमेरिकी बाजार में क्रिकेट के लिए जगह बनाने की उम्मीद कर रहे हैं।

**टीम इस प्रकार हैं: भारत:** रोहित शर्मा (कप्तान), हार्दिक पंड्या, यशस्वी जायसवाल, विराट कोहली, सूर्यकुमार यादव, ऋषभ पंत, संजू सैमसन, शिवम दुबे, रविंद्र जडेजा, अक्षर पटेल, कुलदीप यादव, युजवेंद्र चहल, अर्शदीप सिंह, जसप्रीत बुमराह और मोहम्मद सिराज।

**कनाडा:** साद बिन जफर (कप्तान), आरोन जॉनसन, डाइलन हेलिगर, दिलप्रीत बाजवा, ऋषिव जोशी, जेरेमी गॉर्डन, जुनैद सिद्दीकी, कलीम सना, कंवरपाल तथगुर, नवनीत धालीवाल, निकोलस किरटन, परगट सिंह, रविंद्रपाल सिंह, रेयानखान पठान और श्रेयस मोव्वा (विकेट कीपर)।

**समय:** मैच भारतीय समयानुसार रात आठ बजे शुरू होगा।

## आईसीसी ने दिया पाकिस्तान को बड़ा झटका




**» फ्लोरिडा से टी20 वर्ल्ड कप मैच नहीं होंगे शिफ्ट**

**फ्लोरिडा, 14 जून 2024।** न्यूयॉर्क के बाद अब टी 20 वर्ल्ड 2024 के ग्रूप स्टेज के शेष मैच फ्लोरिडा के सेंट्रेल ब्रोवार्ड रीजनल पार्क स्टेडियम में खेले जाएंगे। लेकिन यहां का मौसम हर किसी के लिए मुसीबत बना हुआ है। पिछले कुछ दिनों से लगातार तूफान और बारिश के चलते मैचों की भी संदेह की नजर से देखा जा रहा है। वहीं, भारतीय टीम भी कनाडा के साथ होने वाले आगामी मैच के लिए लॉडरहिल पहुंच चुकी है।

वहीं मौसम की संभावनाओं के बीच टी20 वर्ल्ड कप के मैचौं को फ्लोरिडा से शिफ्ट किए जानें की बिल्कुल संभावनाएं नहीं हैं। इनसाइडस्पोर्ट् की रिपोर्ट के मुताबिक, आईसीसी मुकाबलों को फिलहाल शिफ्ट करने के मूड में नहीं है। मौसम संबंधी समस्याओं से निपटने के लिए आयोजक काम में जुटे हैं। ग्राउंड के पास इसके लिए योग्य कर्मचारी और संसाधन भी मौजूद हैं।

## श्रुति वोरा ने दर्ज की ऐतिहासिक जीत

**» 3-स्टार ग्रैंड प्रिक्स इवेंट जीतने वाली पहली भारतीय बनीं**

**नई दिल्ली14 जून 2024।** श्रुति वोरा ने इतिहास रचा। जब वह स्लोवेनिया के लिपिका में 67.761 अंकों के स्कोर के साथ जीत हासिल करके तीन-स्टार ग्रैंड प्रिक्स इवेंट जीतने वाली पहली भारतीय राइडर बनीं। उन्होंने मोल्दोवा की तातियाना एंटोनेंको (आचेन) और ऑस्ट्रिया की जूलियन जेरिच (क्वार्टर गर्ल) से आगे रहकर जीत हासिल की। तातियाना ने इवेंट में 66.522 अंक हासिल किए, जबकि जूलियन ने 66.087 अंक हासिल किए।

श्रुति ने अपनी विशेष उपलब्धि को बेहद संतोषजनक पाया और आने वाले दिनों में कड़ी मेहनत करने और देश के लिए और अधिक सम्मान लाने की कसम खाई।

श्रुति के हवाले से कहा गया मैं परिणाम से बेहद खुश हूं। मैंने कड़ी मेहनत की है और जीत वाकई संतोषजनक है। यह जीत ओलंपिक वर्ष में मिली है और यही इसे महत्वपूर्ण बनाता है। ईएफआई की एक विज्ञप्ति में श्रुति के हवाले से कहा गया, यह तथ्य कि मैं देश की पहली राइडर हूं जिसने तीन सितारा इवेंट जीता है, इसे एक विशेष



उपलब्धि बनाता है। मैं अपने देश के लिए सम्मान लाने के लिए कड़ी मेहनत करती रहूंगी। अनुभवी राइडर पहले ही ड्रेसेज वर्ल्ड चैंपियनशिप (2022) और एशियाई खेलों (2010, 2014) सहित कई वैश्विक आयोजनों में देश का प्रतिनिधित्व कर चुकी हैं। भारतीय घुड़सवारी महासंघ के महासचिव कर्नल जयवीर सिंह ने श्रुति के प्रयासों की सराहना की और उल्लेख किया कि उनकी उपलब्धि से अधिक महिलाओं को पेशेवर रूप से इस खेल को अपनाने की प्रेरणा मिलेगी। उन्होंने कहा कि यह भारतीय घुड़सवार बिरादरी के लिए बहुत अच्छी खबर है। श्रुति के इस प्रेरणादायक प्रदर्शन ने देश को गौरवान्वित किया है। कर्नल जयवीर सिंह ने भारतीय घुड़सवारी महासंघ (ईएफआई) द्वारा जारी एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा, कई महिलाएं इस खेल को अपना रही हैं और इस तरह की उपलब्धियां कई और घुड़सवारों को उत्कृष्टता के लिए प्रयास करने के लिए प्रेरित करेंगी। विशेष रूप से, भारत ने हांग्जो एशियाई खेलों में घुड़सवारी ड्रेसेज टीम स्पर्धा में भी बहुत अच्छा प्रदर्शन किया था। सुदीप्ति हजेला, दिव्यकृत सिंह, हृदय छेड़ा और अनुष अग्रवाल की टीम ने प्रतिष्ठित स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता था।


## दिव्या देशमुख ? जिसने विश्व जूनियर शतरंज चैंपियनशिप का खिताब किया अपने नाम

**नई दिल्ली14 जून 2024।** दिव्या देशमुख ने गांधीनगर में लड़कियों के वर्ग में वर्ल्ड जूनियर शतरंज चैंपियनशिप 2024 का खिताब जीता। उन्होंने अंतिम दौर में बुल्गारिया की बेलोस्लावा क्रस्टेवा को हराकर स्पष्ट चैंपियन के रूप में उभरी। चैंपियंस में भाग लेने वाले 27 देशों के 101 खिलाड़ियों में से, दिव्या और क्रस्टेवा रेटिंग के अनुसार टॉप 20 जूनियर लड़कियों में से तीन हैं। एक जीत ने तीसरे स्थान पर रहे भारतीय के लिए टॉप स्थान की गारंटी दी है। इंटरनेशनल मास्टर ने आखिरी राउंड में साथी भारतीय साची जैन को हराकर अपने अंकों की संख्या 9 कर ली है। 18 वर्षीय खिलाड़ी ने आर्मेनिया की मरियम मकर्चयन पर आधे अंक की बढ़त बना ली थी। दिव्या ने ओपन और लड़कियों के वर्ग में बचे हुए आखिरी राउंड में एकमात्र बढ़त बरकरार रखी। उसने 5.5 अंकों के साथ पबल पसंदीदा के रूप में



शुरुआत की थी। वह पूरे टूर्नामेंट में अजेय रहीं और अपना पहला वर्ल्ड जूनियर बालिका शतरंज चैंपियनशिप खिताब जीता।

## औरों में कहां दम था का ट्रेलर रिलीज




**दिल जीत लेगी अजय देवगन और तब्बू की आशिकी**

अजय देवगन और तब्बू की बहुप्रतीक्षित फिल्म औरों में कहां दम था का दर्शकों को बेसब्री से इंतजार है। फिल्म के पोस्टर और टीजर के बाद से दर्शकों को इसके ट्रेलर का इंतजार था, जो आखिरकार खत्म हो चुका है। निर्माताओं ने औरों में कहां दम था का ट्रेलर जारी कर दिया है, जिसे देख प्रशंसक उत्साहित हो गए हैं। ट्रेलर में दिखी फिल्म की झलक अजय देवगन और तब्बू की अनोखी प्रेम कहानी का वादा करती है, जिसमें कई उतार-चढ़ाव हैं।तीन मिनट लंबे ट्रेलर में शांतनु माहेश्वरी युवा अजय देवगन की भूमिका निभाते दिखे, जो तब्बू के किरदार से रोमांस करते हुए नजर आ रहे हैं। बाद में एक हत्या के मामले में अजय देवगन जेल चले जाते हैं, जिसकी वजह से तब्बू और वे अलग हो जाते हैं। इस दुर्भाग्यपूर्ण घटना के कई साल बाद उलझी हुई परिस्थितियों में अजय देवगन और तब्बू को फिर से मिलते हैं। एक ओर अजय जेल से बाहर नहीं आना चाहते, क्योंकि वे बाहर की दुनिया से रूबरू होने के लिए तैयार नहीं हैं, वहीं जब अजय जेल से बाहर आते हैं तो उनका पुराना प्यार तब्बू उनसे मिलने आती हैं, लेकिन अब परिस्थितियां बदल चुकी हैं।ट्रेलर में अजय और तब्बू की प्यारी की अधूरी दास्तां देखने को मिली, जिसमे उनके प्यार की शुरुआत से लेकर अलग होने तक की गहरी कहानी दिखाई गई। ट्रेलर देखने से ऐसा लग रहा है कि जिमी शेरगिल ने तब्बू के पति की भूमिका निभाई है। अजय से अलग होने के बाद तब्बू की शादी जिमी शेरगिल से हो चुकी है, लेकिन अजय के जेल से बाहर आने के बाद तब्बू और जिमी अजय से मिलते हैं और पुराने जख्मों को उजागर करते हैं।ट्रेलर की शुरुआत में तब्बू कहती हैं, कृष्णा... हमें कोई अलग तो नहीं करेगा न, तो शांतनु का किरदार कहता है, हम चेक किए थे, अभी तक कोई पैदा नहीं हुआ है और किसी ने कोशिश भी की तो आग लगा देंगे। वहीं अजय अपने प्यार तब्बू के साथ होली खेलते हुए भी नजर आए। इस अजय के कुछ एक्शन और फाइट सीन्स भी देखने को मिली। इस दौरान अजय कहते हैं, जब दिल से धुआं उठा, बरसात का मौसम था। सौ दर्द दिए उसने, जो दर्द का मरहम था। हमने ही सितम ढाए, हमने ही गैर तोड़े। दुश्मन थे हम ही अपने, औरों में कहां दम था।वहीं फिल्म के कलाकारों की बात करें तो अजय देवगन और तब्बू के अलावा औरों में कहां दम था में जिमी शेरगिल, सई मांजरेकर और शांतनु माहेश्वरी भी महत्वपूर्ण भूमिका में होंगे। नीरज पांडे द्वारा निर्देशित इस फिल्म को शीतल भाटिया, नरेंद्र हीरावत और कुमार मंगत पाठक के पैनोरमा स्टूडियो द्वारा निर्मित किया गया है। यह फिल्म पांच जुलाई को सिनेमाघरों में दस्तक देगी।

## फरीदा जलाल ने याद किया अपना दौर

**कहा-राजेश खन्ना घमंडी थे, रिहर्सल करने से मना कर दिया, मुझे बुरा लगा**

हाल ही में संजय लीला भंसाली की हीरामंडी में नज़र आई दिग्गज अदाकारा फरीदा जलाल ने 1969 की फिल्म आराधना में दिवंगत दिग्गज बॉलीवुड स्टार राजेश खन्ना के साथ काम करने को याद किया। उन्होंने बताया कि खन्ना फ़िल्म के सेट पर घमंडी थे और उनके साथ रिहर्सल नहीं करते थे। उनकी सह-अभिनेत्री शर्मिला टैगोर उनके बचाव में आईं और शक्ति सामंत की फ़िल्म के सेट पर उनका समर्थन किया। अपने करियर की शुरुआत में खन्ना के साथ काम करने के अपने अनुभव को याद करते हुए फरीदा जलाल ने बॉलीवुड बबल से कहा, आराधना के बाद वे द राजेश खन्ना बन गए। लेकिन सेट पर वे पहले से ही काफी घमंडी थे। मैंने उन्हें उतना ध्यान नहीं दिया, इसलिए वे मुझसे नाराज़ हो गए। मैं अपनी ही दुनिया में थी। वे इससे थोड़े नाराज़ थे। खन्ना फरीदा जलाल से नाराज़ हो गए, लेकिन मुझें लगा कि वह बहुत घमंडी और अहंकारी है। फरीदा जलाल ने बताया, जब मैं रिहर्सल के लिए कहती, तो वह कहते कितनी रिहर्सल? मैं नई थी। मुझे



बहुत बुरा लगता था। मैंने यहां तक कहा, आप मुझसे इस तरह कैसे बात कर सकते हैं? मैं चाहूं तो 10 रिहर्सल मांग सकती हूं। हम वहां झगड़ पड़े और शर्मिला जी ने बीच-बचाव किया। मैं बहुत छोटी और भोली थी। उन्होंने मेरी रक्षा की, वह मेरे बचाव में बोलती थीं।आराधना में राजेश खन्ना ने दोहरी भूमिका निभाई थी। यह फिल्म डायमंड जुबली हिट रही और फिल्म के बाद खन्ना की लोकप्रियता कई गुना बढ़ गई। हालांकि जलाल को लगता है कि फिल्म के बाद वह इतनी प्रसिद्धि और प्यार के हकदार थे, क्योंकि उन्होंने इसमें बहुत अच्छा काम किया था, लेकिन उन्हें यह भी ÷घृणा÷ हुई कि आराधना की रिलीज के बाद लड़कियां उन पर फिदा हो गईं।फरीदा जलाल ने उस समय को याद किया जब वह आराधना की सफलता के बाद राजेश खन्ना के साथ अलग-अलग शहरों में घूमी थीं।

उन्होंने बताया, ÷मैं देखती थी कि लोग उनके लिए कैसे पागल हो जाते थे। लड़कियाँ उनके पैरों में गिरती थीं। वे उनसे अपने हाथ और चेहरे पर साइन करने के लिए कहती थीं। मुझे यह देखकर घिन आती थी। वह गर्व से मेरी तरफ देखते और कहते देखा? मुझे लगता कि मैंने उनके साथ काम किया है, लेकिन मुझे ऐसा नहीं लगता। उनके साथ क्या गलत है? मैंने इस तरह का स्टारडम कभी नहीं देखा। इस तरह का स्टारडम मैंने शाहरुख खान के साथ भी देखा है।हालांकि, अभिनेता ने उल्लेख किया कि शाहरुख न केवल एक सुपरस्टार÷ हैं, बल्कि एक मानव रत्न भी हैं। दोनों ने करण जौहर की कुछ कुछ होता है में साथ काम किया था।

## नई मुसीबत में फंसे शिल्पा शेट्टी और राज कुंद्रा

बॉलीवुड अभिनेत्री शिल्पा शेट्टी और उनके व्यवसायी पति राज कुंद्रा नई मुसीबत में फंस गए हैं। अब इस जोड़े पर एक व्यापारी को सोने की स्कीम में धोखा देने का आरोप लगा है। रिपोर्ट के अनुसार, बुलियन व्यापारी पृथ्वीराज सरेमल कोठारी ने शिल्पा और राज के खिलाफ कार्रवाई की मांग करते हुए मुंबई सत्र न्यायालय का रुख किया है।कथित तौर पर, कोठारी ने आरोप लगाया है कि शिल्पा और राज ने अपनी कंपनी के तहत एक योजना बनाई और व्यापारियों से इसमें निवेश करने को कहा, जिसमें सोने में निवेश पर आकर्षक रिटर्न का वादा किया गया था। इस योजना का नाम सतयुग गोल्ड था और कथित तौर पर निवेशकों को बाजार में उतार-चढ़ाव के बावजूद एक



निश्चित दर पर सोना देने का आश्वासन दिया गया था। कोठारी ने दावा किया कि उन्होंने इस क्षेत्र में निवेश किया, लेकिन 2 अप्रैल, 2019 को परिपक्वता तिथि तक पहुंचने पर उन्हें वादा किया गया सोना नहीं मिला। उन्होंने आगे दावा किया कि उन्होंने इस योजना में 90 लाख रुपये से अधिक का निवेश किया। कोठारी ने अपने आरोपों का समर्थन करने के लिए शिल्पा शेट्टी द्वारा हस्ताक्षरित एक कवर लेटर और सतयुग गोल्ड प्राइवेट लिमिटेड द्वारा जारी एक चालान भी अदालत में पेश किया। अदालत ने अब मुंबई पुलिस अधिकारियों को मामले की जांच करने का आदेश दिया है।

यह पहली बार नहीं है जब शिल्पा और राज कानूनी मुसीबत में फंसे हैं। इस साल अप्रैल में ईडी ने राज कुंद्रा की 97.79 करोड़ रुपये की संपत्ति जब्त की थी। जब्त की गई संपत्तियों में मुंबई के जुहू में उनकी पत्नी शिल्पा शेट्टी के नाम पर एक रिहायशी फ्लैट शामिल है। ईडी ने कहा कि एक अन्य संपत्ति पुणे में एक रिहायशी बंगला और राज कुंद्रा के नाम पर इक्विटी शेयर हैं।

एजेंसी ने एक बयान में कहा कि ईडी के मुंबई क्षेत्रीय कार्यालय ने धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए), 2002 के प्रावधानों के तहत कुंद्रा की अचल और चल संपत्तियों को अस्थायी रूप से जब्त किया है।

आरोप है कि कुंद्रा ने अन्य लोगों के साथ मिलकर बिटकॉइन के रूप में भारी मात्रा में धन (2017 में 6,600 करोड़ रुपये) इकट्ठा किया, ÷बिटकॉइन के रूप में 10 प्रतिशत प्रति माह रिटर्न के झूठे वादों के साथ भोली जनता से÷। बाद में, दंपति ने अपने वकील के माध्यम से एक बयान जारी किया और तर्क दिया कि वे संबंधित अधिकारियों के साथ सहयोग करने के लिए तैयार हैं। उन्होंने ÷निष्पक्ष जांच÷ की उम्मीद जताई और कहा कि उन्हें भारतीय न्यायपालिका प्रणाली पर पूरा भरोसा है।

## जूनियर एनटीआर की देवरा को मिली नई रिलीज तारीख

**बॉक्स ऑफिस पर फिर उठेगा तूफान**

जूनियर एनटीआर अभिनीत देवरा साल की सबसे बहुप्रतीक्षित फिल्मों में से एक है। प्रशंसक इसकी रिलीज का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। इसी बीच निर्माताओं ने प्रशंसकों को बड़ा तोहफा दिया है। देवरा समय से पहले सिनेमाघरों में दस्तक देने जा रही है। फिल्म पहले 10 अक्तूबर, 2024 को रिलीज होने वाली थी। देवरा फिल्म के निर्माताओं ने अपने ऑफिशियल सोशल मीडिया हैंडल पर पोस्ट कर बताया कि फिल्म समय से पहले सिनेमाघरों में दस्तक देने जा रही है। देवरा 27 सितंबर को रिलीज हो रही है। निर्माताओं ने इसे पहले 10 अक्तूबर, 2024 को रिलीज करने की योजना बनाई थी। देवरा तटीय भूमि के विरुद्ध स्थापित है और कोराताला शिवा द्वारा संचालित है। इसमें जान्हवी कपूर भी हैं और यह साउथ में उनकी पहली फिल्म है।देवरा जूनियर एनटीआर और जान्हवी कपूर का पहला सहयोग भी है। फिल्म में सैफ अली खान भी अहम भूमिका निभाएंगे। इसमें राम्या कृष्णा भी होंगी। इसके अलावा, कई रिपोर्ट्स में दावा किया गया है कि अभिनेत्री चैत्रा राय स्टारकास्ट में शामिल होंगी। हालांकि, अभी तक इस बारे में कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है।आरआरआर की तरह, इस तेलुगु फिल्म में कथित तौर पर हाई-ऑक्टेन एक्शन सीक्वेंस होंगे जो दर्शकों के होश उड़ा देंगे। रिपोर्ट्स के मुताबिक, देवरा को भारी भरकम बजट में बनाया जा रहा है। कथित तौर पर निर्माता इसके वीएफएक्स पर 140 करोड़ रुपये खर्च कर रहे हैं। देवरा जूनियर एनटीआर की 30वीं फिल्म भी है। कथित तौर पर, अभिनेता इस फिल्म में पिता और पुत्र दोनों का किरदार पर्दे पर निभाएंगे।



CMYK

# शिक्षा को लेकर छत्तीसगढ़ सरकार का बड़ा फैसला

» प्रायवेट स्कूलों में गरीब बच्चों के लिए कलेक्टर की अध्यक्षता में एसपी सीईओ कमिश्नर समेत 9 सदस्यों की बनेगी जिला स्तरीय कमेटी...

» प्रायवेट स्कूलों के प्रताड़ना की वजह से छत्तीसगढ़ में हर साल 50 परसेंट बच्चों के स्कूल छोड़ देने से सरकार हरकत में...

» विष्णुदेव सरकार ने जारी किया बड़ा आदेश...

» छत्तीसगढ़ बनने के बाद आरटीई को लेकर राज्य सरकार ने पहली बार इतनी बड़ी पहल...



**रायपुर,14 जून 2024(ए)।** छत्तीसगढ़ की विष्णुदेव सरकार ने आज प्रायवेट स्कूलों पर शिकंजा कसते हुए एक बड़ा आदेश जारी किया है। सामान्य प्रशासन विभाग से जारी आदेश के अनुसार कलेक्टर की अध्यक्षता में हर जिले में नौ सदस्यीय जिला स्तरीय कमेटी बनाई जाएगी। इनमें जिला पंचायत के सीईओ, नगर निगमों के कमिश्नर, डीईओ समेत एक स्कूल के प्राचार्य और पालक शामिल होंगे। स्कूल शिक्षा विभाग के सिकरेट्री सिद्धार्थ परदेशी ने कलेक्टरों से प्रायवेट स्कूलों में आरटीई पर रिपोर्ट मांगी थी। कलेक्टरों ने प्रायवेट स्कूलों की मीटिंग कर जो रिपोर्ट सरकार को भेजी हैं, वो काफी चौंकाने वाली हैं। छत्तीसगढ़ में हर साल 50 परसेंट बच्चे स्कूल छोड़ देते हैं। ये पिछले तीन शैक्षणिक सत्रों से हो रहा है। पिछले सत्र 2023-24 में 48 हजार गरीब बच्चों ने आरटीई के तहत प्रायवेट स्कूलों में दाखिला लिया था। इनमें से 24 हजार बच्चों ने स्कूल छोड़ दिया।

### कमेटी में नौ सदस्य

जिला स्तरीय निगरानी कमेटी में कलेक्टर के साथ एसपी, जिला पंचायत सीईओ, नगर निगम या नगर पालिकाओं के कमिश्नर या सीएमओ, असिस्टेंट कमिश्नर ट्राईबल, समग्र शिक्षा समन्वयक, डीईओ, एक प्राचार्य, एक पालक सदस्य होंगे।

### छह बिंदुओं पर फोकस

जिला स्तरीय कमेटी में एसपी को इसलिए रखा गया है कि प्रायवेट स्कूल मनमानी न कर सकें। फर्जीवाड़ा करने वाले स्कूलों के खिलाफ अपराधिक मुकदमा दर्ज किया जा सके।

### आरटीई की हालत नाजुक

सरकार के पास ऐसे फीडबैक आए थे कि आरटीई में सबसे अधिक बच्चे छत्तीसगढ़ के ड्रॉप आउट ले रहे हैं। इसके बाद स्कूल शिक्षा सचिव सिद्धार्थ कोमल परदेशी ने कलेक्टरों को पत्र लिखकर इसकी जांच करने कहा था। उन्होंने 15 दिन के भीतर प्रायवेट स्कूलों के साथ मीटिंग कर ड्रॉप आउट बच्चों की संख्या का पता लगाने के निर्देश दिए थे। उन्होंने यह भी कहा था कि प्रायवेट स्कूलों में महंगे यूनिफार्म, पुस्तकों की वजह से तो बच्चे स्कूल नहीं छोड़ रहे, इसकी भी जांच की जाए। कलेक्टरों ने सरकार को ड्रॉप आउट बच्चों की रिपोर्ट भेज दी है।

### संख्या और बढ़ सकती है

स्कूल शिक्षा विभाग के पत्र के बाद कलेक्टरों ने प्रायवेट स्कूलों को तलब कर ड्रॉप आउट बच्चों की संख्या कलेक्ट कराया। सरकार अगर स्कूलों में जाकर सत्यापन कराए तो ये आंकड़ा काफी बढ़ सकता है। क्योंकि...खासकर बड़े और पॉश प्रायवेट स्कूल बिल्कुल नहीं चाहते कि उनके यहां गरीब बच्चे पढ़े।

### तीन साल की रिपोर्ट से सरकार सकते में

छत्तीसगढ़ जैसे गरीब राज्य के लिए सुप्रीम कोर्ट का आरटीई वरदान बन सकता था। मगर छत्तीसगढ़ में प्रायवेट स्कूलों द्वारा गरीब बच्चों को प्रोटेक्शन न दिए जाने की वजह से आधे से अधिक बच्चे स्कूल छोड़ दे रहे। खबर के नीचे पिछले तीन सत्रों में ड्रॉप आउट लेने वाले बच्चों की संख्या वाली कलेक्टररों की रिपोर्ट लगी है, इसे आप देखेंगे तो आपका भी माथा ठनकेगा कि छत्तीसगढ़ के प्रायवेट स्कूलों में हो क्या रहा है। 2020-21 में 10 हजार, 2021-22 में 18 हजार और 2023-24 में 24 हजार गरीब बच्चों ने स्कूल छोड़ दिया। पिछले सत्र याने 2023-24 में छत्तीसगढ के प्रायवेट स्कूलों में 48 हजार गरीब बच्चों के दाखिले हुए थे, इनमें से 24 हजार ड्रॉप आउट ले लिया।

### बड़े शहरों की स्थिति चिंताजनक

चूकि बड़े शहरों में सबसे अधिक बड़े और पॉश प्रायवेट स्कूल हैं, इसलिए ड्रॉप आउट होने वाले बच्चां में रायपुर, बिलासपुर, कोरबा और जांजगीर शामिल हैं। रायपुर में सबसे अधिक 2496 गरीब बच्चों ने स्कूल छोड़ दिया। राज्य सरकार का भी मुख्य फोकस इन बड़े शहरों के बड़े स्कूलों पर है। 60 से 70 परसेंट आरटीई वाले बच्चे इन्हीं शहरों के प्रायवेट स्कूलों में पढ़ते हैं।

## छत्तीसगढ़ में होगी जियो-रेफ्रेंसिंग से ई-गिरदावरी



**रायपुर,14 जून 2024(ए)।** छत्तीसगढ़ में राजस्व प्रशासन को चुस्त-दुरूस्त करने का काम शुरू कर दिया गया है। राज्य में अब डिजिटल क्रॉप सर्वे के लिए तैयारियां जारी हैं। इस सर्वे को अंजाम देने के लिए राजस्व विभाग द्वारा भूमि का जियो-रेफ्रेंसिंग का कार्य तेजी से चल रहा है। एक ओर जियो-रेफ्रेंसिंग से भूमि विवादों में कमी आएगी। वहीं दूसरी ओर फसलों की ई-गिरदावरी का कार्य आसान हो जाएगा।

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने बेहतर प्रशासन के लिए शासकीय काम-काज में अधिक से अधिक आईटी का उपयोग करने के निर्देश सभी विभागों को दिए हैं। इस संबंध में राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा ने राजस्व विभाग की समीक्षा बैठक में राजस्व अधिकारियों को भूमि के जियो-रेफ्रेंसिंग का कार्य तेजी से पूर्ण कराने के निर्देश दिए हैं।

### भ्रष्टाचार की शिकायत पर होगी कार्यवाही

मंत्री टंकराम वर्मा ने बैठक में कहा कि ग्रामीणों और किसानों को नामांतरण, बटवारा, सीमांकन और व्यपवर्तन कार्य में किसी प्रकार की दिक्कत नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी जनता की दिक्कतों को पूरी संवदेनशीलता के साथ दूर करने के लिए तैयार रहें। उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचार की शिकायत पाए जाने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने राजस्व विभाग के अधिकारी-कर्मचारी को अपनी कार्यशैली में बदलाव लाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि शैक्षणिक सत्र को ध्यान रखते हुए सभी राजस्व अधिकारी सुनिश्चित करें कि बच्चों को आय और जाति प्रमाण पत्र के लिए भटकना न पड़ें।

### भू-अभिलेख में त्रुटि सुधार के लिए अभियान चलेगा

राजस्व मंत्री ने कहा कि अविवादित नामांतरण प्रकरणों के निराकरण में यह देखा गया है कि ऐसे प्रकरणों को बिना किसी कारण के अनावश्यक खारिज किया जा रहा है। ऐसे प्रकरणों पर नियमानुसार कार्यवाही की जाए। उन्होंने कहा कि किसानों के भू-अभिलेख में त्रुटि सुधार के लिए अभियान चलाया जाए, इसके लिए पंचायत स्तर पर आवेदन लेकर उसका निराकरण किया जाए। उन्होंने युवाओं को रचनात्मक गतिविधियों से जोड़ने के लिए राज्य के सभी जिलों में जिला स्तरीय खेल आयोजन के लिए मैदान का चिन्हांकन करने के निर्देश दिए।

### राजस्व प्राप्ति बढ़ाने पर जोर

मंत्री टंकराम वर्मा ने कहा कि राज्य सरकार को विभिन्न स्त्रोतों से हो रही राजस्व प्राप्तियों में वृद्धि के लिए हरसंभव प्रयास किए जाएं। राजस्व प्राप्तियां बढ़ाने के लिए पारदर्शिता और ईमानदारी से कार्य हो। डायवर्सन भूमि का लंबित शुल्क वसूली की जाए। अधिक राजस्व प्राप्तियों से ही विकास और जनकल्याण मूलक कार्यों को गति मिलेगी।

## कोल लेवी मामले में हेमंत और चन्द्रप्रकाश जायसवाल गिरफ्तार




**रायपुर,14 जून 2024 (ए)।** पिछली सरकार के अवैध कोल लेवी मामले में राज्य आर्थिक अपराध अनुसंधान शाखा (ई ओ डब्ल्यू) ने बड़ी कार्रवाई की है। ब्यूरो ने जनवरी में कोल लेवी मामले में दर्ज एफआईआर के आधार पर ट्रांसपोर्टर बिलासपुर के हेमंत जायसवाल और कोरबा के चंद्रप्रकाश जायसवाल को गिरफ्तार कर लिया है। बिलासपुर और कोरबा से ही दोनों की बुधवार को गिरफ्तारी की गई है। गुरुवार को दोनों आरोपियों को ब्यूरो की टीम ने कोर्ट में पेश किया, जहां से दोनों को ईओडब्ल्यू की रिमांड पर 20 जून तक के लिए सौंप दिया गया। रायपुर की स्पेशल कोर्ट में दोनों को ब्यूरो ने पेश किया था। दोनों पर ट्रांसपोर्टरों से वसूली का आरोप है।

## समय पर जीएसटी का भुगतान नहीं करने वाले व्यवसायियों पर स्टेट जीएसटी सख्त

### हो रही सख्त कार्रवाई




**रायपुर,14 जून 2024(ए)।** राज्य मे पिछले कुछ वर्षों मे जिलों मे डीएमएफ मद से बड़ी संख्या मे निर्माण कार्य और सामाग्री क्रय किया गया है परंतु जितना व्यय शासन द्वारा किया गया है उस अनुपात मे शासन को जीएसटी नहीं मिला है। स्टेट जीएसटी मे गठित किए गए बिजनेस इंटेलिजेंस यूनिट के द्वारा ए आई आधारित आई टी टूल्स का प्रयोग कर ऐसे व्यवसायियों का एनालिसिस किया जा रहा है जिनके द्वारा शासकीय सप्लाइ तो किया गया है पर जीएसटी नहीं पटाया गया है।

वित्त मंत्री ओपी चौधरी के निर्देश पर ऐसे मामलों में लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी तारतम्य मे विगत दिनों कुछ व्यवसायियों की जांच कर उनसे टैक्स जमा करवाया गया । केशकाल के भारत इन्फ्रा नाम के व्यवसायी के प्रकरण मे 91 लाख रु. और रायपुर के श्री कृष्ण इंटर प्राइजेस मे 2.5 करोड़ रु की कर चोरी पकड़ी गई है इसमे से 1.75 करोड़ रु.टैक्स विभाग ने वसूल कर किया है । इसी तरह का एक और मामला हार्टीकल्चर विभाग मे भी पकड़ा गया है जिसमे शेड नेट सप्लाइ करने वाली कंपनी किसान एग्रोटेक को विभाग ने नोटिस दिया है।इस प्रकार की कर चोरी करने वाले व्यवसायी अक्सर अपनी टैक्स लाईबिलिटी कम दिखाने के लिए बोगस बिलों पर आई टी सी क्लेम करते हैं परंतु यह भूल जाते हैं कि अब विभाग के पास ऐसे कई आई टी टूल्स हैं जिनके कारण इस तरह के मामलों मे बच निकलना कठिन है। राज्य कर विभाग के द्वारा लगातार व्यवसायियों कि बैठक लेकर उन्हे जागरूक भी किया जा रहा है कि कर देयता से बचने का कोई शॉर्टकट न अपनाएं। वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने भी व्यापारियों से अपील की है की वो ईमानदारी से अपने टैक्स का भुगतान करें ।

## प्रदेश के नगरीय निकायों में होगा एनर्जी ऑडिट, सौर ऊर्जा संयंत्र स्थापित करने तैयार होगी नीति



**रायपुर,14 जून 2024(ए)।** उप मुख्यमंत्री तथा नगरीय प्रशासन एवं विकास मंत्री अरुण साव ने राज्य के सभी 184 नगरीय निकायों में बिजली बिल और एनर्जी ऑडिट के निर्देश दिए हैं। साथ ही उन्होंने पारंपरिक ऊर्जा के स्थान पर सौर ऊर्जा का उपयोग करने को कहा है।

उन्होंने नगरीय प्रशासन विभाग के अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा है कि अधिकांश निकायों में इस मद में राशि के अभाव के कारण समय पर बिजली के बिल का भुगतान नहीं किया जाता है। इससे नगरीय निकायों और विभाग को हर वर्ष अनावश्यक ही सरचार्ज व एरियर्स की राशि के रूप में बिजली विभाग को अतिरिक्त राशि का भुगतान करना पड़ता है। ऊर्जा और बिजली बिल के ऑडिट से इनकी बचत के उपाय करने में सहूलियत होगी।

साव ने बिजली बचाने और इसके खर्च में कमी लाने के लिए नगरीय निकायों में पारंपरिक ऊर्जा के बदले ग्रीन एनर्जी के उपयोग को बढ़ावा देने को कहा है। उप मुख्यमंत्री ने चरणबद्ध तरीके से एनर्जी ऑडिट का कार्य थर्ड पार्टी प्रोफेशनल एजेंसीज से कराने के निर्देश दिए हैं।

शहरी क्षेत्रों में पेयजल आपूर्ति और स्ट्रीट लाइटिंग जैसी विभिन्न जन सुविधाओं के संचालन के लिए नगरीय निकायों मे बड़ी संख्या में विद्युत कनेक्शन लिए गए हैं। विद्युत विभाग द्वारा प्रदेश के सभी 184 नगरीय निकायों में इसके लिए हजारों की संख्या में बिजली के मीटर लगाए गए हैं। इन मीटरों के माध्यम से हर महीने मीटर रीडिंग कर बिजली विभाग द्वारा बिजली का बिल निकायों को प्रेषित किया जाता है। निकायों द्वारा प्रति माह एक बड़ी राशि विद्युत देयकों के रूप में व्यय की जाती है। कई बार सरचार्ज और एरियर्स के रूप में भी बिजली विभाग को अतिरिक्त राशि का भुगतान निकायों और नगरीय प्रशासन विभाग को करना पड़ता है। विभाग द्वारा नगरीय निकायों में बिजली बिल के समायोजन के लिए बिजली विभाग को हर साल लगभग 100 करोड़ रुपए से 200 करोड़ रुपए की राशि हस्तांतरित की जाती है। वर्तमान में करीब 800 करोड़ रुपए का भुगतान लंबित होने के कारण सरचार्ज की राशि में लगातार वृद्धि हो रही है।

उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने इस स्थिति को देखते हुए विभागीय समीक्षा बैठक में नगरीय निकायों के बिजली बिलों के ऑडिट तथा एनर्जी ऑडिट कराने के निर्देश अधिकारियों को दिए हैं। ऑडिट के बाद विद्युत की खपत घटाने और सौर ऊर्जा संयंत्र स्थापित किए जाने के लिए नीति भी तैयार की जाएगी। विद्युत खपत घटाने और सौर ऊर्जा संयंत्र स्थापित किए जाने से लंबी अवधि में लगभग 800 करोड़ रुपए से एक हजार करोड़ रुपए की बचत होगी। साथ ही ग्रीन एनर्जी के उपयोग से निकायों को कार्बन क्रेडिट भी प्राप्त होगा।

## छत्तीसगढ़ पहुंची एनआईए की टीम

### इस मामले की कर रहे जांच




**गरियाबंद,14 जून 2024(ए)।** नक्सली हमले में शहीद हुए आईटीबीपी के जवान के मामले की जांच करने एनआईए की टीम गरियाबंद जिले के बड़े गोबरा (मैनपुर) पहुंची. टीम ने पूर्व सरपंच समेत 6 लोगों को अपने कब्जे में लिया है. वहीं ग्रामीणों का आरोप है कि एनआईए की टीम ने प्रधानमंत्री आवास के लिए मिले पैसे को भी जब्त कर लिया. बता दें कि विधानसभा चुनाव के दौरान आईटीबीपी के जवान जोगिंदर सिंह की आईईडी की चपेट में आने से शहादत हुई थी. इस मामले को एनआईए को सौंपा गया था. गुरुवार को इस मामले की जांच को लेकर एनआईए की टीम मैनपुर के बड़े गोबरा पहुंची थी। पूर्व सरपंच सहित कुछ लोगों की गिरफ्तारी के विरोध में उनके परिजनों और ग्रामीणों ने मैनपुर थाने का घेराव किया। जांच के दौरान टीम ने आरोपियों के पास से जब्त की गई राशि को ग्रामीणों ने अपने-अपने प्रधानमंत्री आवास बनाने के लिए दी गई राशि बताया है। सूत्रों का कहना है कि तलाशी में टीम ने 2 लाख से अधिक की राशि मोबाइल व अन्य संदिग्ध वस्तुओं को भी कब्जे में लिया। इसका ग्रामीणों ने विरोध किया है. इस मामले में गरियाबंद कोतवाली पहुंचकर टीम ने ग्रामीणों से पूछताछ की. इस दौरान परिजन रातभर कोतवाली में डटे रहे. इस मामले को लेकर एनआईए की टीम ने पत्रकारों के किसी भी सवाल का जवाब नहीं दिया. वहीं स्थानीय पुलिस ने घटना के संबंध में कहा कि मामले की जांच एनआईए की टीम कर रही है, उन्हें कुछ भी मालूम नहीं है।



## नीरज कुमार बंसोड़ को केंद्र में संयुक्त सचिव की मिली नई जिम्मेदारी

**रायपुर,14 जून 2024(ए)।** छत्तीसगढ़ के 2008 बैच के आईएएस अधिकारी नीरज कुमार बंसोड़ को केंद्र में संयुक्त सचिव या समकक्ष पद के लिए इम्पैनल किया गया है। बता दें कि आईएएस अधिकारी बंसोड के साथ भारतीय प्रशासनिक सेवा के 2008 बैच के 64 अधिकारियों को भी पैनल में शामिल किया गया है।

## छत्तीसगढ़ के नगरीय निकायों में वार्ड परिसीमन 8 जुलाई तक



**रायपुर,14 जून 2024(ए)।** नगरीय प्रशासन विकास संचालनालय ने इस वर्ष के अंत में होने वाले निगम चुनावों के लिए वार्ड परिसीमन करने के आदेश जारी कर दिया है। नयी सीमाएं तय करने के बाद प्रारंभिक प्रकाशन 9 जुलाई को किया जाएगा और 18 जुलाई को सभी प्रस्ताव शासन को भेजे जायेंगे।

## विष्णुदेव साय पहुंचे मंत्रालय, स्वास्थ्य विभाग की ली बैठक



**रायपुर,14 जून 2024(ए)।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय मंत्रालय पहुंचे । मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के कार्यों की समीक्षा शुरू की। समीक्षा बैठक में स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल भी उपस्थित थे। समीक्षा बैठक में मुख्य सचिव अमिताभ जैन, अपर मुख्य सचिव मनोज पिंगुआ, मुख्यमंत्री के सचिव राहुल भगत, पी. दयानंद, डॉ. बसव राजू एस सहित स्वास्थ्य विभाग के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।



## बलौदाबाजार हिंसा मामले में कलेक्टर कुमार लाल चौहान और एसपी सदानंद सिंह सस्पेंड

### छत्तीसगढ़ सरकार का बड़ा फैसला

**रायपुर,14 जून 2024(ए)।** छत्तीसगढ़ के बलौदाबाजार में सतनामी समाज के विरोध प्रदर्शन के दौरान कलेक्ट्रेट और जिला पंचायत आफिस में तोड़फोन और आगजनी के मामले में छत्तीसगढ़ ने तत्कालीन कलेक्टर कुमार लाल चौहान और पुलिस अधीक्षक सदानंद सिंह को कार्य में लापरवाही बरतने के आरोप में निलंबित कर दिया है।

प्रकाशक,मुद्रक,स्वामी अविनाश कुमार सिंह के द्वारा सांई ऑफ्सेट प्रिंटर्स,नमनाकला,संत हरकेवल विद्यापीठ के पास,अम्बिकापुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-अविनाश कुमार सिंह* (पी.आर.बी.कानून के अनुसार संपूर्ण संपादकीय दायित्व के लिए जिम्मेदार)
RNI Reg.No.CHHHIN/2004/15050मो. 94062-23001,98265-32611,Email:ghatatighatana11@ gmail.com,Website:www.ghatatighatana.com, (सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अम्बिकापुर न्यायालय मान्य होगा)